दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 183
कोटद्वार मंगलवार
31 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## युवा पीढ़ी सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लें

**देहरादून :** सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एकीकृत भारत के निर्माण में सरदार पटेल की कूटनीति व दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना योगदान देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हमें अपने को राष्ट्र की सेवा के लिये समर्पित करने की भी प्रेरणा देता है।

## जम्मू–कश्मीर : कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने मार गिराया एक आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में केरन सेक्टर के जुमुगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा , " सेना और पुलिस ने रविवार से जारी संयुक्त अभियान में केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। इस दौरान एक आतंकवादी मारा गया। तलाश अभियान जारी है।"

गौरतलब है कि पिछले चार दिनों में कुपवाड़ा जिले में घुसपैठ की यह दूसरी कोशिश नाकाम की गई है। इससे पहले 26 अक्टूबर को कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में लश्कर–ए–तैयबा के पांच संदिग्ध आतंकी मारे गए थे।

## चुनाव प्रचार के दौरान बीआरएस सांसद पर चाकू से हमला, भीड़ ने आरोपी को पीटकर पुलिस को सौंपा

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** तेलंगना में सोमवार को चुनाव–प्रचार के दौरान सत्ताधारी भारत राष्ट्र समिति के सांसद पर जानलेवा हमला किया गया। तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में बीआरएस सांसद के। प्रभाकर रेड्डी एवं दुब्बक विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार पर एक शख्स ने चाकू से हमला कर दिया। वारदात के समय वह प्रचार कर रहे थे। मेडक लोकसभा क्षेत्र से सांसद रेड्डी के पेट में चाकू लगने के घाव हैं और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया यह घटना दौलताबाद मंडल में उस समय हुई, जब प्रभाकर रेड्डी प्रचार कर रहे थे। पार्टी ने उन्हें राज्य में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में दुब्बक सीट से मैदान में उतारा है। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वाहन में बैठे प्रभाकर रेड्डी (रक्तस्राव को रोकने के लिए) अपने पेट पर लगे चाकू के घाव को दबाते हुए दिखाई दे रहे हैं। जिस व्यक्ति ने कथित तौर पर सांसद पर चाकू से हमला किया, उसकी कुछ स्थानीय लोगों ने जमकर पिटाई की। सिद्दीपेट की पुलिस आयुक्त एन श्वेता ने बताया, 'हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है। हम उसके बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।' मामले की जांच की जा रही है।तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

### मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका

# शराब घोटाला मामले में सुको ने खारिज की जमानत याचिका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब घोटाला मामले में फंसे दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मनीष सिसोदिया कि जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वी एन भट्टी की पीठ ने सिसोदिया की दलीलें खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मनीष सिसोदिया को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति बनाने (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) और उसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के लिए धन शोधन और भ्रष्टाचार के आरोप में 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। वह जेल में बंद है।

उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामलों में पहले विशेष अदालत और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से जमानत याचिका ठुकराये जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## सीएम ने विधायक के निधन पर जताया शोक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलौर विधानसभा से विधायक एवं बसपा नेता सरवत करीम अंसारी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सरवत करीम अंसारी के पुत्र से फोन पर बात कर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# दिल्ली-कोटद्वार के बीच शुरू हुई नई रेल सेवा से हुआ हादसा, टकराकर हाथी की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** कोटद्वार दिल्ली के मध्य शुरू हुई रात्रिकालीन रेल से सोमवार सुबह जाफरा के समीप एक हाथी टकरा गया। जिससे हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। जब यह दुर्घटना हुई, रेल कोटद्वार से सवारियां छोड़ने के बाद नजीबाबाद की ओर जा रही थी। दिल्ली-कोटद्वार के मध्य शुरू हुई नई रेल सेवा पहले दिन ही हादसे का शिकार हो गई। रविवार रात 10:00 बजे रेल दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल से सवारियां लेकर कोटद्वार के लिए रवाना हुई। सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे रेल कोटद्वार रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे स्टेशन में सवारी उतारने के बाद खाली ट्रेन नजीबाबाद के लिए रवाना हुई। स्टेशन अधीक्षक कमल नेगी ने बताया कि नजीबाबाद जाते हुए रेल उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के अंतर्गत जाफरा के समीप 16 नंबर रेल फाटक से करीब एक किलोमीटर आगे हाथी से टकरा गई। बताया कि हाथी से टक्कर लगने के कारण रेल इंजन बंद हो गया। साथ ही ट्रैक पर लगा विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हुआ है। दुर्घटना में घायल हाथी की भी मौत हो गई थी।




जाफरा के समीप हुई हाथी की मौत ।

### सांसद ने जताई थी नाराजगी

दिल्ली-कोटद्वार के मध्य नई रेल सेवा शुरू करने के समय हुए कार्यक्रम में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने नाराजगी जताई थी। उनका कहना था कि रेलवे विभाग की ओर से सूतक काल में रेल का श्रीगणेश किया जा रहा है। जबकि, यह समय किसी भी शुभ कार्य को प्रारंभ करने के लिए ठीक नहीं रहता। रेल से हाथी की मौत के बाद शहर में कई व्यक्ति सांसद की बातों पर मोहर लगाते हुए भी नजर आए।

## चट्टान से गिरने से बुजुर्ग की मौत

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत चट्टान से खाई में गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस ने शव कब्जे में ली है। पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना की पुलिस सभी कोणों से जांच कर रही है।कपकोट पुलिस के अनुसार भैसुड़ी–कुटीर गांव निवासी 75 वर्षीय दीवान सिंह पुत्र स्व. कुंजर सिंह खड़लेख, भनार की तरफ जा रहे थे। उनका पैर एकाएक फिसल गया। वह गहरी खाई में गिर गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें खाई में गिरे देखा। जिसकी सूचना दी और पुलिस ने बुजुर्ग को खाई से बाहर निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार बुजुर्ग मानसिक रूप से परेशान थे। इधर, थानाध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव का पंचनामा किया गया है और उसे सौंप दिया है। घटना की जांच की जा रही है।

# सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जाएंगें : मुख्यमंत्री

◆सतर्कता सप्ताह का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ
◆विभाग की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीकि विशेषज्ञों की टीम का होगा गठन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगे। सतर्कता विभाग की कार्य प्रणाली को प्रभावी रूप से और बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीकि विशेषज्ञों की टीम का गठन किया जायेगा। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए की गई कार्रवाई के लिए विजिलेंस विभाग मुख्यमंत्री को महीने में दो बार रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने कार्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सतर्कता विभाग के इंस्पेक्टर तुषार बोहरा, इंस्पेक्टर भानु प्रकाश आर्य, एएसआई दिवाकर शर्मा और कांस्टेबल नवीन कुमार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के दौरान भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए। कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं। मुख्यमंत्री ने विजिलेंस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है, उसकी माह में दो बार रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए सभी विभागीय सचिवों द्वारा अपने विभागों की नियमित मॉनेटरिंग की जाय। सतर्कता विभाग को कार्रवाई में तेजी लाने के लिए जो भी फंड की आवश्यकता होगी वह प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में विशेष फोकस है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक पात्र को पूरा लाभ मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्ट आचरण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी

। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कार्य व्यवहार में शालीनता के साथ ही जनहित में कार्य करने की भावना को लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जारी किये गये नम्बर 1064 का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय। भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी शिकायत पर शीघ्र रिस्पांस दिया जाय, शिकायत सही पाये जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल फैनई, डीजीपी अशोक कुमार, एडीजी पी.वी.के प्रसाद, निदेशक विजिलेंस वी. मुरूगेशन, एडीजी अमित सिंहा, ए.पी अंशुमान एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारी और विजिलेंस के अधिकारी उपस्थित थे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी सतर्कता विभाग के कर्मचारी को सम्मानित करते हुए।

### भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल जरूरी

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा ही साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि ई-रिकार्ड की दिशा में हमें तेजी से आगे बढ़ना है। ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' का संदेश हम जन-जन तक पंहुचाने में सफल रहे तो भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह काफी कारगर सिद्ध होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए राज्य में काफी कार्य हुए हैं। हम विजिलेंस से सबंधित शिकायतों पर शत प्रतिशत एक्शन शीघ्रता से लेने में सफल रहेंगे, तो इससे जनता का सरकार पर और विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि विजिलेंस को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किये जाए।

# गोवा में चमका उत्तराखंड का 'सूरज', रेस वॉकिंग में हासिल किया गोल्ड मेडल




**देहरादून , एजेंसी।** गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेलों में सूरज पंवार ने 20 किलोमीटर की रेस वॉकिंग में उत्तराखंड के लिए एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक जीता। 20 किलोमीटर की रेस उन्होंने एक घंटा 27 मिनट में पूरी की। इसे मिलाकर उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में अब तक दो स्वर्ण और एक रजत सहित आठ पदक जीत चुका है।

सूरज के कोच अनूप बिष्ट के मुताबिक सूरज 2016 से उनसे रेस वॉकिंग का प्रशिक्षण ले रहा है। जो कड़ी मेहनत कर इससे पहले भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्तराखंड के लिए कई पदक जीत चुका है। 2018 में उसने अर्जेंटिना में आयोजित यूथ ओलंपिक की 5000 मीटर वॉकिंग रेस में रजत पदक जीता था। वर्ष 2018 में ही उसने थाइलैंड में आयोजित एशियन चैंपियनशिप की 5000 रेस वॉकिंग में रजत जीता। जबकि पिछले साल दोहा में 20 किलोमीटर रेस वॉकिंग में उसने 24वां स्थान प्राप्त किया।

सूरज मूल रूप से टिहरी के प्रतापनगर एवं हाल शिमला बाईपास देहरादून निवासी हैं। उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. डीके सिंह के मुताबिक उत्तराखंड को अब तक दो स्वर्ण पदक मिल चुके हैं। इससे पहले रुद्रपुर के निखिल भारती पेंचक सिलाट खेल के फाइनल में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को 41–29 से हराकर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले सूरज ने कहा, इस सफलता के लिए उसने सुबह–शाम कड़ी मेहनत की। वह पिछले एक महीने से पौड़ी में अपने कोच अनूप बिष्ट के निर्देशन में इसकी तैयारी कर रहे थे। उसने हर रोज सुबह तीन और शाम को दो से ढाई घंटे कड़ी मेहनत की। जबकि इससे पहले राष्ट्रीय कैंप में प्रशिक्षण लिया।सूरज पंवार ने कहा, राष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब अगले साल उत्तराखंड में होने वाले 38 वें राष्ट्रीय खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारी करुंगा। इसके अलावा अगले साल पेरिस में ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेनो अलगा लक्ष्य है।

## सीरिया पर इजरायल का जवाबी हमला, दारा के इलाकों को निशाना बनाकर दागी मिसाइल

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया द्वारा कथित रूप से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दक्षिणी प्रांत दारा के कई इलाकों को निशाना बनाकर रविवार रात मिसाइल से हमला किया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दारा के ग्रामीण इलाकों में इजरायली मिसाइल हमलों की पुष्टि की, जहां से इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट से हमला किया गया था। आधिकारिक पुष्टि की कमी के करण इजरायली हमले से हुए नुकसान का विवरण प्राप्त नहीं हो सका है। इस बीच, सीरिया के उत्तरपूर्वी हसाका प्रांत के शद्दादी इलाके में रविवार को एक अमेरिकी ठिकाने पर विस्फोट होने की खबर हैं।

## राज्य में कांग्रेस की लहर, इस बार जनता करेगी बदलाव: सुरजेवाला



**खरगोन, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज दावा करते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की लहर है और अब मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को बदलने का समय आ गया है। सुरजेवाला ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश बदलाव की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने मौजूदा विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेसजन, राज्य में बदलाव के संकल्प को लेकर जन जन तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई 'धनबल' और साढ़े आठ करोड़ 'जनबल' के बीच की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता यहां कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकनपत्र दाखिल करवाने के लिए आए थे। उनके साथ पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारी, नौकरियों की मंडी लगाकर बेचने वाली, बेटियों पर अनाचार व अत्याचार रोकने में असफल शिवराज सरकार को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देंगे। इसके तहत 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा जाएगा। इस राशि को बढ़ाकर तीन हजार रुपए तक ले जाया जाएगा। धान 2500 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेंगे।

# टाटा मोटर्स पश्चिम बंगाल से 766 करोड़ रुपये वसूल सकता है, मध्यस्थता पैनल का फैसला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल सरकार को सिंगूर में टाटा मोटर्स की नैनो फैक्ट्री को बंद करने के लिए कंपनी को सितंबर 2016 से 11 प्रतिशत ब्याज के साथ 765.78 करोड़ रुपये की बड़ी राशि का भुगतान करना होगा। तीन सदस्यीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण से सोमवार को कंपनी के पक्ष में सर्वसम्मति से फैसला आया।

टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि एक मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम को सिंगूर में उसके मैन्युफेक्चरिंग साइट (विनिर्माण स्थल) पर हुए नुकसान के संबंध में कंपनी को 766 करोड़ रुपये का मुआवजा देने को कहा है।



भूमि विवाद के कारण अक्टूबर 2008 में टाटा मोटर्स को छोटी कार नैनो का उत्पादन करने के लिए अपने प्लांट को पश्चिम बंगाल के सिंगुर से गुजरात के साणंद में स्थानांतरित करना पड़ा। तब तक टाटा सिंगूर में 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर चुका था।

एक नियामक फाइलिंग में, ऑटो प्रमुख ने कहा कि तीन सदस्यीय पंचाट न्यायाधिकरण ने फैसला सुनाया है कि कंपनी प्रतिवादी पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (हइक्ऊ) (डब्ल्यूबीआईडीसी) से, 1 सितंबर 2016 से उसकी वास्तविक वसूली तक, 765.78 करोड़ रुपये की राशि 11 प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज के साथ वसूलने की हकदार है। यह मुआवजा सिंगूर में ऑटोमोबाइल विनिर्माण सुविधा के संबंध में पूंजी निवेश के नुकसान सहित विभिन्न मदों के तहत डब्ल्यूबीआईडीसी से मुआवजे के ऑटो प्रमुख के दावे के संबंध में है।मुंबई स्थित ऑटो प्रमुख ने कहा, "यह सूचित किया जाता है कि तीन–सदस्यीय पंचाट न्यायाधिकरण के समक्ष उपरोक्त लंबित मध्यस्थता कार्यवाही को आखिरकार टाटा मोटर्स के पक्ष में 30 अक्तूबर, 2023 के सर्वसम्मत फैसले द्वारा निपटा दिया गया है।"इसमें कहा गया है कि टाटा मोटर्स को प्रतिवादी (डब्ल्यूबीआईडीसी) से कार्यवाही की लागत के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि वसूलने का भी हकदार माना गया है।इसमें कहा गया है, "जैसा कि ऊपर बताया गया है, अंतिम मध्यस्थता निर्णय के साथ, मध्यस्थ कार्यवाही समाप्त हो गई है।"जून 2010 में, टाटा मोटर्स ने नैनो के उत्पादन के लिए साणंद में एक नए प्लांट का उद्घाटन किया। कंपनी ने अब नैनो की बिक्री बंद कर दी है।

# त्योहारी सीजन में यातायात व्यवस्था को लेकर हुई पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक



देहरादून। त्योहारी सीजन पास है। जिसे देखते हुए यातायात व्यवस्था के संबंध में सोमवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में डीजीपी अशोक कुमार ने शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर दिशा निर्देश दिए। ताकि शहर में जाम की स्थिति न हो सके। हाईवे एवं सड़कों के चौड़ीकरण के बाद परिवर्तित ड्यूटी प्वाइंट्स को रिविजिट कर नये ट्रैफिक प्रेशर प्वाइंट्स पर ड्यूटी तैनात करने के लिए कहा। इसके साथ ही शहर के बॉटलनेक प्वाइंट्स को फिर से रिव्यू कर यातायात निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया। यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत बनाये गये प्रेमनगर जोन में सेलाकुई एवं राजपुर रोड़ जोन में मसूरी डायवर्जन तक के एरिया को शामिल करने को कहा ' इसके साथ ही हरिद्वार रोड़ जोन में हर्रावाला तक यातायात प्लान बनाने के निर्देश दिए।

धनतेरस और दीपावली पर्व के दौरान सतर्कता से ड्यूटी करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

बैठक में पीपीपी मोड पर संचालित क्रेन के लिए निर्धारित रडढ में सुधार करने को कहा। इसके साथ ही किसी भी गाड़ी को टो करने के दौरान क्रेन से एनाउंसमेन्ट करने के लिए कहा। इस करवाई को क्रेन के साथ तैनात पुलिसकर्मी द्वारा ही किये जाने के लिए निर्देशित किया' डीजीपी अशोक कुमार ने ओवर स्पीड, स्टंट बाईकिंग और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

यातायात व्यवस्था में सुधार करने के लिए मोहल्ला स्तर पर संवाद करने के लिए एसएसपी देहरादून को निर्देशित किया गया। संवाद में स्थानीय जनता के साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने के लिए कहा गया है।

वीआईपी ड्यूटी में रुट के जीरो जोन होने के बाद ट्रैफिक को सुचारु करने के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान बनाने को कहा। साथी ही सभी पुलिस कर्मियों को ट्रैफिक सामान्य होने तक ड्यूटी पर बने रहने को कहा। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि वैडिंग प्वाईंट संचालकों के साथ अलग से बैठक की जाये। जिसमें सभी संचालकों को अपने वैडिंग प्वाईंट में पार्किंग की व्यवस्था को बढ़ाये जाने के लिए निर्देशित किया जाए। आगामी त्योहारों से पहले नो एंट्री जोन पर पुनर्विचार कर नो एंट्री जोन निर्धारित किये जाने के लिए निर्देशित किया। अपने क्षेत्र की सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी सम्बन्धित थाना चौकी के प्रभारी की होगी। यातायात बाधित होने पर एसएसपी देहरादून को एरिया वाईज जिम्मेदारी निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

## ऋचा कोटियाल करेंगी देश का प्रतिनिधित्व

नई टिहरी : देवप्रयाग निवासी ऋचा कोटियाल विश्व भर में लिंग आधारित हिंसा पर अमेरिका सहित चार शहरों में आयोजित सेमिनारों में भारत की ओर से व्याख्यान देंगी। अभियोजन अधिकारी ऋचा कोटियाल ने देवप्रयाग सहित टिहरी से शुरुआती शिक्षा यूआईटी विश्वविद्यालय से एलएलबी कर कुमाऊंविवि से एलएलएम किया। उत्तराखण्ड सरकार में सहायक अभियोजन अधिकारी के रूप में अपने करियर शुरू करते हुए ऋचा कोटियाल ने अपनी प्रतिभा के बलबूते पीओ पद ग्रहण किया व देशभर चुनिदा अभियोजन अधिकारियों में स्थान बनाया। सरदार वल्लभ भाई पटेल पुलिस अकादमी, हैदराबाद में प्रशिक्षु अधिकारियों को व्याख्यान देने के साथ ही ऋचा यहां एक प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ घुड़सवार भी साबित हुई।

# मुनिकीरेती बनी ए श्रेणी की नगर पालिका

देहरादून। सरकार ने मुनिकीरेती को ए श्रेणी की नगर पालिका का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही कैंपटीफॉल और गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु ने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट बैठक में मुनिकीरेती नगर पालिका को बी श्रेणी से ए श्रेणी का दर्जा देने को मंजूरी दे दी गई। इसके बाद अब इस नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए अधिक अनुदान मिल पाएगा और स्थानीय लोगों को अधिक फायदे मिल पाएंगे। इसके साथ ही कैबिनेट ने मसूरी के कैंपटी फॉल और गुप्तकाशी को नगर पंचायत का दर्जा देने को मंजूरी दे दी है।

नंदानगर, मुनस्यारी सीमा विस्तार पर मांगी आपत्तिः इधर शहरी विकास विभाग ने चमोली की नंदानगर और पिथौरागढ़ की मुनस्यारी नगर पंचायत में किए गए सीमा विस्तार पर स्थानीय लोगों से आपत्ति मांगी है। विदित है कि पिछली कैबिनेट की बैठक में सरकार ने नंदानगर और मुनस्यारी नगर पंचायत में कई नए गांव शामिल करने का निर्णय लिया था। इसके बाद अब इन गांवों के ग्रामीणों से सीमा विस्तार पर आपत्ति मांगी गई है।केंद्रीय विद्यालय भवन को उंचाई के मानकों में छूटः कैबिनेट ने नई टिहरी में बन रहे केंद्रीय विद्यालय भवन के लिए उंचाई के मानकों में छूट देने को मंजूरी दे दी है। मुख्य सचिव डॉ एसएस संधु ने बताया कि पहाड़ पर भवन के लिए उंचाई का मानक नौ मीटर है। जबकि केंद्रीय विद्यालय की ओर से 14.50 मीटर की उंचाई तक छूट देने का अनुरोध किया गया था।

# ब्रहम कुमारीज ने समाज सेवियों का किया सम्मान

नई टिहरी : ब्रह्मा कुमारीज के समाज सेवा प्रभाग ने नई टिहरी में कार्यक्रम आयोजित कर समाज सेवियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल एवं समाजसेवी सुशील बहुगुणा ने किया। मौके पर स्कूली छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दीं। जिपंअ सोना सजवाण और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने कहा कि ब्रह्म कुमारीज समाज को जागृत करने के लिए जो काम कर रही है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज के क्षेत्रीय निदेशक ब्रह्मा कुमार मेहरचंद ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय इस अभियान के माध्यम से मनुष्यों का विवेक जागृत करने का काम कर रहा है। मानव काम, क्रोध, लोभ, मोह व अहंकार आदि विकारों से ग्रसित है। दुख और शांति की माला को अपने गले का हार बना लिया है। इस अज्ञानता और अंधकार के समय ब्रह्मा कुमारीज ज्ञान का दीपक जलाकर प्रकाश फैला रहा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर स्वामीनाथन ने कहा कि समाज सेवक वह है, जो अपना हर कर्म खुशी से मुस्कुराते हुए उमंग उत्साह से करता है। उन्होंने जीवन की परिभाषा बताते हुए कहा कि देखो तो ख्वाब है, जिंदगी पढ़ो तो किताब है, जिंदगी सुनो तो ज्ञान है, जिंदगी ईश्वर कहते हैं कि मीठे बच्चे प्यारे बच्चे सदा मुस्कुराते रहो जो आसान है जिंदगी। ब्रह्माकुमारी विजय लक्ष्मी ने कहा कि भारत भूमि सारे विश्व का तीर्थ स्थान है, क्योंकि संसार के हर मनुष्य आत्माओं के पिता परमात्मा का अवतरण भूमि भारत भूमि है। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने कहा कि 24 घंटे में से 8 घंटे मनुष्य सोने में बीतता है, 2 घंटा नित्य कर्म आदि में बीतता है। बाकी 14 घंटे जो बचते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जनपद के सभी न्यायालयों में आगामी 09 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर ने बताया कि 09 दिसम्बर को जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर तथा बाह्य न्यायालय जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी एवं गैरसैंण में आयोजित होने वाली लोक अदालत में फौजदारी के मामले, एन.आई.एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक/कुटुम्ब न्याालयों के मामले, श्रम, भूमि अर्जन के मामले, सिविल अपील व राजस्व के मामले, मनरेगा, विद्युत, जलकर के बिलों, विक्रीकर, आयकर, वेतन भत्तों, वन आपदा प्रतिकर व अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मसूरी में खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए



देहरादून। फूड सेफटी अधिकारी संजय तिवारी ने आने वाले त्यौहारों के सीजन में मिलावटी सामान न बिके इसके लिए मसूरी में कई दुकानों के सेंपल लिए व चैकिंग की।वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय तिवारी के नेतृत्व में आई टीम ने कुलड़ी बाजार में दुकानों पर चैकिंग की व सेंपल लिए।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगाती समय में दीपावली का पर्व आ रहा है जिसको देखते हुए चैकिंग व सैपल अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसके तहत मसूरी में भी कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि जिन दुकानों के सैपंल लिए गये है उसकी रिपोर्ट दो सप्ता में आ जाती है उसके बाद अगर सेंपल फेल होता है तो कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान चैकिंग भी की गई। इसका उद्देश्य त्योहारों मे समय जनता के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकर रहना है ताकि मिलावटी सामान न बिक सके और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस मोके पर व्यापार संघ अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मसूरी में आकर चैकिंग व सैपलिंग की जिसका व्यापार संध ने विरोध भी किया लेकिन उनका कहना है कि यह मामला जनता के स्वास्थ्य से जुडा है यह अनिवार्य है। लेकिन इसमें देखा जा रहा है कि व्यापारियों का उत्पीड़न न हो।

## एक नजर

### फोन लूट में शामिल बाइक सवार बदमाशों को जेल भेजा

रुड़की। बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बदमाशों की बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। सिविल लाइन्स कोतवाली को अमजद निवासी खंजरपुर ने बताया था कि रविवार को दोपहर वह बोट क्लब के पास फोटो लेने के लिए गया था। इस बीच खुद की बाइक पर बैठकर मोबाइल में सिम बदल रहा था। तभी बाइक सवार तीन युवक वहां पहुंचे और अचानक फोन छीन कर वहां से फरार हो गए। पीछा कर तीनों बाइक सवारो को रुड़की टॉकीज चौराहे के पास पकड़ लिया था। लोग और पुलिस की मदद से तीनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि आशीष पुत्र तीर्थ, अंकुल पुत्र सुनील और आर्यन पुत्र राकेश निवासी हरजौली जट्ट कोतवाली मंगलौर को लूट के मुकदमे में गिरफ्तार किया है।

### छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

रुड़की। प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गंगनहर कोतवाली को झबरेड़ी खुर्द निवासी सुशीला ने तहरीर देकर बताया कि जुलाई 2014 को एक लाख रुपये में प्लॉट का बैनामा किया था। प्लाट पर जब भी मकान बनाने का मन बनाया तो राजकुमार पक्ष के लोगों ने मना कर दिया। कुछ समय बाद पति की बीमारी के चलते उक्त प्लाट की देखरेख नहीं हो पाई। आरोप है कि करीब एक माह पहले प्लाट पर गई तो वहां पर मकान बने मिले। खुद की संपत्ति पर दूसरे मकान बने होने पर विरोध करने पर राजकुमार पक्ष के लोगों ने गाली गलौच कर पैसे और प्लाट की बात करने पर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि राजकुमार पुत्र सुरेंद्र निवासी जटोला दामोदपुर देवबंद, सुमन पत्नी प्रवीण कुमार, प्रवीण, हिमांशु, कपिल पुत्र प्रवीण और अरविंद पुत्र सुखपाल निवासी झबरेड़ी खुर्द के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# चारधाम यात्रा की हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर पचास हजार ठगे



हरिद्वार। चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर मध्य प्रदेश के यात्री से पचास हजार रुपये ठग लिए गए। सीएम हेल्प लाइन पोर्टल पर की गई शिकायत का संज्ञान लेते हुए सिडकुल पुलिस ने इस संबंध में शिकायत दर्ज की है। सीएम पोर्टल पर शिकायत में दीपक परमार निवासी सेक्टर–65 जयनगर लसुडिया इंदौर मध्य प्रदेश ने बताया कि उसने अपने परिवार एवं परिचितों के साथ यात्रा पर जाने की प्लानिंग की थी। इसी दौरान उसे ऑनलाइन हेलीकॉप्टर एजेंसी के नाम से एक मोबाइल फोन नंबर मिला। इस नंबर पर संपर्क साधने पर बात कर रहे व्यक्ति ने अपना नाम राहुल बताया। युवक ने 24 सीट खाली होने की बात कहते हुए 20 सीट की बुकिंग के लिए एक लाख रुपये अदा करने की बात कही। उस पर विश्वास करते हुए उसने 50 फीसदी रकम दे दी। उन्हें जो टिकट दी गई वह फर्जी निकली। इस संबंध में उन्होंने सीएम हेल्प लाइन पोर्टल पर शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। एसओ प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि राहुल नाम के युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## धोखाधड़ी के आरोप में महिला गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने गिरोह बनाकर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे हड़पने वाले गैंग की महिला सदस्य को गिरफ्तार कर कर लिया। गिरोह का सरगना पहले ही जेल भेजा जा चुका है। गिरोह के दो सदस्य फरार चल रहे हैं। झबरेड़ा थाना प्रभारी अंकुर शर्मा ने बताया कि 10 अप्रैल को कोतवाली मंगलौर में महिला राजेश तथा कृष्णकांत, विनोद और डेविड निवासी जुर्स कंट्री ज्वालापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उन पर विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले में चारों अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर में मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी थी। गैंग के सरगना कृष्णकांत को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# फूड फेस्टिवल में नैवेद्यम अन्न रत्नम को प्रथम पुरस्कार

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के गुरुकुल परिसर में आयुर्वेद दिवस समारोह के अन्तर्गत सोमवार को फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने बाजरा, रागी, कंगनी आदि श्रीधान्य (मिलेट्स) से संबंधित व्यंजन बनाए। छात्रों द्वारा निर्मित व्यंजनों का क्वालिटी, प्रेजेंटेशन, फ्लेवर आदि के आधार पर मूल्यांकन करने के पश्चात टीम नैवेद्यम अन्न रत्नम को प्रथम पुरस्कार, तृणधान्य माइटी मिलेटस को द्वितीय पुरस्कार, तक्षक जायका को तृतीय पुरस्कार तथा शालाक्य की पाकशाला को एवरग्रीन पुरस्कार प्रदान किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी ने छात्र–छात्राओं के बनाए गए विभिन्न मिलेटस से निर्मित विशिष्ट व्यंजनों का अवलोकन किया और उपरान्त ग्रहण करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. मीना आहूजा ने बताया कि समाज को विभिन्न मिलेट्स से संबंधित व्यंजनों को आहार का हिस्सा बनाना चाहिए। आहार में मिलेट्स को शामिल करने से प्रोटीन, फाइबर्स, विटामिंस एवं मिनरल की पूर्ति शरीर की आवश्यकतानुसार पूरी हो जाती है। प्रतियोगिता में डॉ. ज्ञानेंद्र दत्त शुक्ला, डॉ. विपिन कुमार अरोड़ा, डॉ. अदिति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रो. विपिन पांडेय, प्रो. उत्तम शर्मा, प्रो. दिनेश गोयल, प्रो. बालकृष्ण पंवार, डॉ. शीतल वर्मा, डॉ. राजीव कुरेले, डॉ. मयंक भटकोटी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## आरोपी गिरफ्तार

रुड़की। थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि लाठरदेवा हुण के पास फिनोलेक्स केबल कंपनी से रविवार रात्रि कॉपर वायर चोरी हो गया था। इस संबंध में कंपनी कर्मचारी शेरपाल ने थाने में तहरीर देकर अनीश पुत्र जोगिंदर निवासी ग्राम लाठरदेवा हुण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# उद्यान घपले के खिलाफ मसूरी में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

देहरादून। उद्यान घपले को लेकर कांग्रेसियों ने मसूरी के शहीद भगत सिंह चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पुतला लेकर पहुंचे थे, लेकिन पुलिस कांग्रेसियों से पुतला छीनकर ले गई। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस के साथ नोक–झोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। विपक्ष को उसका काम करने से रोक रही है, जिसका जवाब आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा सरकार को देगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में धरना–प्रदर्शन कर रही है। भाजपा सरकार उसको दबाने की कोशिश कर रही है। कहा कि उद्यान विभाग में घपले को लेकर हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। आरोप लगाया कि घपले में अफसरों के साथ सत्ताधारी दल के नेता भी शामिल हैं। इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेश चंद्र ने पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रही थी लेकिन पुलिस द्वारा उनके हाथों से पुतला छीन लिया इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश सरकार घोटालेबाज नेताओं और अफसरों को बचाना चाहती है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिद्वार। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मायापुर में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी, कार्यक्रम अध्यक्ष स्वामी केशवानंद महाराज ने पतंजलि विवि के प्रति कुलपति डॉ. महावीर अग्रवाल, रजनीकांत शुक्ल, रोहतांश कुंवर के साथ दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगपाल, भारतीय शिक्षा समिति के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह ने अतिथियों को सम्मानित किया। सांसद डॉ. सैनी ने कहा कि विद्या मंदिर में समाज को देशभक्त और संस्कार युक्त युवा दिए जाते हैं। आने वाला समय भारत का है। जब भी भारत के गौरव को बढ़ाने का मौका होगा तो उसमें विद्या मंदिर के छात्रों का सबसे ज्यादा योगदान होगा।

# लोकसभा चुनाव 2024 हेतु भाजपा ने बनाया प्लान, कांग्रेस को ऐसे देंगे मात

देहरादून(। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने प्लान बनाया है। हारी हुई विधानसभा सीटों पर बीजेपी का विशेष फोकस है। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में हारी हुई 23 सीटों पर लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाने के लिए पार्टी सांसदों को मैदान में उतार दिया है। पार्टी ने विधानसभा में सांसदों के प्रवास का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस दौरान सांसद विधानसभा के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हारे हुए बूथों की पहचान करेंगे। साथ ही एक एक बूथ की जिम्मेदारी अलग अलग कार्यकर्ताओं को दी जाएगी। विदित है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य की पांचों सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी हाई कमान ने सांसदों को हारी हुई सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी थी। लेकिन कई सांसद अभी तक अपने क्षेत्रों में प्रवास करने नहीं गए थे।

एससी–एसटी सम्मेलन भी करेगी भाजपा : पार्टी ने एससी एसटी वर्ग के मतदाताओं को रिझाने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इन सम्मेलनों में पार्टी के सांसद, विधायक, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्षद, प्रधान के साथ ही पार्टी के पदाधिकारी, अनुसूचित एवं जनजाति प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। 19 नवंबर को देहरादून और 20 नवंबर को हल्द्वानी में यह सम्मेलन आयोजित होंगे।

**सांसदों का यह रहेगा प्रवास कार्यक्रम :**

हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक 6, 7 और 8 नवंबर को हरिद्वार ग्रामीण, खानपुर, ज्वालापुर सीट, गढ़वाल सांसद तीरथ रावत 7,8,16 नवंबर को द्वाराहाट, बद्रीनाथ, अल्मोड़ा। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल 8,9,15,16 नवंबर को भगवानपुर, मंगलौर, पिरान कलियर, बाजपुर। नैनीताल सांसद अजय भट्ट 15,16,17 नवंबर को खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा, हल्द्वानी सीट। अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा 6,7,8 नवंबर को लोहाघाट, धारचूला, पिथौरागढ़, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी 6,7,8 नवंबर को झबरेड़ा, लक्सर, जसपुर, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह 8,7,16 नवंबर को प्रतापनगर, यमुनोत्री, चकराता का प्रवास तय किया गया है।

# शिक्षकों ने किया 2024 के लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान

देहरादून(आरएनएस)। सरकार पर शिक्षकों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए राजकीय शिक्षक संघ ने सोमवार को आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया। यदि सरकार ने लंबित मांगों पर ठोस कार्यवाही न की तो अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का शिक्षक बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही शिक्षक विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल न होंगे और न ही ऑनलाइन हाजिरी भरेंगे। साथ ही प्रभारी के रूप में प्रधानाचार्य का काम देख रहे शिक्षक भी अपनी जिम्मेदारी को छोड़ देंगे। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। अगले सोमवार छह नवंबर को शिक्षा निदेशालय की तालाबंदी भी की जाएगी।

सोमवार को सोमवार को ननूरखेड़ा स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय परिसर में धरना–प्रदर्शन के दौरान संघ पदाधिकारियों ने आंदोलन के अगले चरण की घोषणा की। 27 सितंबर से शुरू हुए आंदोलन के पांचवे चरण में शिक्षक पदाधिकारी आज सुबह 10 बजे से निदेशालय के मुख्य द्वार के बाहर धरने पर बैठे। सरकार पर शिक्षकों की मांगों के प्रति लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर सर्वसम्मति से आंदोलन का दूसरा चरण शुरू करने का निर्णय किया गया।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चार अगस्त को शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में 35 मांगों पर चर्चा की गई थी। करीब करीब सब पर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसलिए शिक्षकों को मजबूर होकर आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय किया गया है। छह नवंबर को 12 से एक बजे के बीच सभी राजकीय शिक्षक ऑनलाइन जुड़ते हुए संकल्प लेंगे कि वो वर्ष 2024 के लोस चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि आंदोलन की वजह से किसी शिक्षक का उत्पीड़न हुआ तो प्रांतीय कार्य उसकी जवाबदेही लेगी और हर शिक्षक का कवच बनकर आगे खड़ी होगी।

**रहे मौजूदः**

प्रांतीय महामंत्री रमेश पैन्यूली, पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर डिमरी, नवेंदु मठपाल, सुभाष झल्डियाल, राजकुमार चौधरी,जगदीश बिष्ट, रेखा धानिक, रवि शंकर गुसाई,दिलवर रावत,दीपक शर्मा,खीम सिंह रजवार,विवेक पांडे,पान सिंह मेहता, नागेंद्र पुरोहित, प्रकाश सिंह चौहान,राजेंद्र बर्गली,कुलदीप कंडारी,हेमंत पैन्यूली,श्याम सिंह सरियाल,पंचम बिष्ट, राजेंद्र जोशी,हेमलता जोशी,,दिनेश नौटियाल,रविंद्र रोड़, अशोक राज उनियाल आदि मौजूद रहे।

**मुख्य मांगेः**

**प्रमुख मांगे शिक्षकों कीः**

– प्रवक्ता, हेडमास्टर और प्रधानाचार्य पदों पर तत्काल प्रमोशन

– 5400 ग्रेड पे वाले शिक्षकों को राजपत्रित अधिकारी का दर्जा

– तबादलों की विसंगतियों को तत्काल हल कर राहत दी जाए

– वर्ष 2005 से पहले की विज्ञप्ति से चयनित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ

– शिक्षक शिक्षा संवर्ग की नियमावली बनाकर शीघ्र गठन किया जाएगा

– सभी शिक्षकों को चयन–प्रोन्नत वेतनमान पर एक इंक्रीमेंट के लाभ

– वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षकों की वेतन विसंगति को दूर किया जाए।

– माता–पिता के निधन पर शिक्षक को 15 दिन का विशेष पितृ अवकाश

– यात्रावकाश की सुविधा बहाल की जाए

नाराजगी की वजह : शिक्षकों की नाराजगी की भी कई वजहें हैं। पिछले कई सालों से एलटी, हेडमास्टर और प्रिंसीपल के प्रमोशन की प्रक्रिया लटकी है। शिक्षक वर्षों से एक ही पद पर काम करते हुए रिटायर हो रहे हैं। अब तक सरकार इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पाए हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों ने कैरम प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से मानपुर में कैरम व शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कैरम सिंगल प्रतियोगिता में सुदर्शन सिंह बिष्ट व युगल प्रतियोगिता में युद्धवीर सिंह रावत व जयवीर सिंह रावत प्रथम स्थान पर रहे।

शतरंज प्रतियोगिता में रघुवीर सिंह रावत ने बाजी मारी। संगठन के अध्यक्ष कैप्टन पीएल खंतवाल (से.नि.) व महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से सदस्यों के लिए इस तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, केशर सिंह चौहान, आरपी पंत, विजय लखेड़ा, कर्नल बीबी ध्यानी (से.नि.), विनोद नेगी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# मुफलिसी में कलाकार, सिस्टम कटवा रहा चक्कर

◆मेहनताना के लिए विभागों के चक्कर काट रहा कलाकार मनोज कुमार ◆फिल्मी कलाकारों के साथ ही विभिन्न जानवरों की आवाज निकलता है कलाकार



कलाकार मनोज कुमार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : एक ओर सरकार कलाकारों को प्रोत्साहित करने की बात कह रही है। वहीं, अपनी कला से लोगों को गुदगुदाने वाला कलाकार मनोज कुमार अपना मेहनताना लेने के लिए सरकारी विभागों के चक्कर काट रहा है। लाख चक्कर काटने के बाद भी अधिकारी मनोज की शिकायत सुनने तक को तैयार नहीं है। मुफलिसी में दिन काट रहे मनोज के समक्ष घर की आर्थिकी चलाना भी एक चुनौती बन गई है।

हल्दूखाता मल्ला निवासी कलाकार मनोज कुमार फिल्मी कलाकारों के साथ ही विभिन्न जानवरों की आवाज निकालता है। मनोज एक बेहतर डांसर होने के साथ ही कई भाषाओं का भी जानकार है। कुछ वर्ष पूर्व मनोज मुंबई में अपनी कला का प्रदर्शन करता था। लेकिन, जब अपने क्षेत्र के लिए काम करने की इच्छा हुई तो वह मुंबई जैसे बड़े शहर को छोड़कर कोटद्वार आ गया।

### कला से होने लगा मोह भंग

मनोज एक बेहतर कलाकार है। जो भी उनकी दक्षता को देखता है वह उनका मुरीद हो जाता है। स्वयं को निखारने के लिए मनोज ने कड़ी मेहनत की। लेकिन, सरकार के सिस्टम की अनदेखी से अब उनका कला से भी मोह भंग होने लगा है। मनोज बताते हैं कि उन्होंने अपने भीतर के टैलेंट को निखारने के लिए अपनी जिंदगी लगा दी। लेकिन, अंत में उन्हें केवल निराशा ही मिल रही है।

प्रशासन के कहने पर मनोज क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में अपनी कला का प्रदर्शन करते थे। प्रशासन की ओर से मनोज को इसका मेहनताना देने की बात कही गई थी। लेकिन, कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक मनोज को उसका मेहनताना नहीं मिल पाया है। नतीजा मनोज आज भी मेहनताना के लिए तहसील के चक्कर काट रहा है। तहसील के आसपास कांधे पर एक बैग टांगा मनोज हर किसी व्यक्ति को आसानी से दिख जाएगा। आर्थिक स्थिति खराब होने से मनोज का परिवार चलाना भी मुश्किल हो गया है।

मनोज बताते हैं कि वह कई भाषाएं बोल लेते हैं साथ ही उन्हें डांस का भी बेहतर अनुभव है। इसके अलावा वह फिल्मी कलाकारों और कई जानवरों की आवाज भी निकालते है। तहसील में कितने अधिकारी आए और चले गए। लेकिन, आज तक किसी ने भी उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। उनके समक्ष भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन के कहने पर जहां-जहां कार्यक्रम किये उनके पास इन सभी के दस्तावेज मौजूद हैं। मनोज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी से भी उनकी मदद करने की मांग की है।

## बैंड बाजों के साथ निकाली राम बारात

**कोटद्वार** : सतपुली में रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला के चौथे दिन लक्ष्मण संवाद से राम बरात तक की लीला का हुआ मंचन हुआ। इस मौके पर बैंड बाजों के साथ नगर में राम बरात निकाली गई।

रामलीला का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा ने रिबन काटकर किया। शिव धनुष टूटने पर राजा जनक के दरबार में पहुंचे परशुराम बेहद क्रोधित होते हैं। इस दौरान लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुआ संवाद आकर्षण का केंद्र रहा। श्री राम द्वारा माफी मांगे जाने के बाद परशुराम उनके रूप से परिचित होते हैं और भगवान राम की स्तुति कर वहां से चले जाते हैं। इसके बाद अयोध्या से धूमधाम से राम बारात निकाली गई। दशरथ की भूमिका गणेश अग्री, राम की बॉबी शर्मा, लक्ष्मण की आर्यन, विश्वमित्र की राकेश कुमार, नकी की भूमिका बृजमोहन रावत ने निभाई। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनीष रौतेला, निर्देशक सुनील डंडरियाल, बालेश्वर चौधरी, सत्यनारायण वेदी, प्रेम सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों के हित में कार्य कर रहा डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन



कोटद्वार में आयोजित बैठक का शुभारंभ करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**कोटद्वार** : कोटद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की ओर से व्यापारियों के हितों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान एसोसिएशन ने व्यापारियों से कंपनियों के दबाव में न रहने की अपील की।

आयोजित बैठक का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश ऐरन, महासचिव श्याम सुंदर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सुभाष कोहली, नितिन शर्मा, रविंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। दिनेश ऐरन ने कहा कि एसोसिएशन व्यापारियों के हितों को लेकर गंभीरता से कार्य कर रहा है। व्यापारियों को कंपनियों के दबाव में न आकर स्वतंत्र होकर कार्य करना चाहिए। कहा कि वर्तमान में बाजार में कई मॉल मार्केट में खुल गए हैं, जिससे डिस्ट्रीब्यूटर की बिक्री घट रही है। जो भी कंपनी वितरक पर अनावश्यक दबाव बनाएगी, ऐसोसिएशन उसका विरोध करेगा। कहा कि आनलाइन के संबंध में नियम तय करने के लिए एसोसिएशन की केंद्र सरकार से वार्ता चल रही है। कार्यक्रम में देहरादून, ऋषिकेश, मसूरी, टिहरी, रूड़की, हरिद्वार, डोईवाला, रामनगर, काशीपुर के व्यापारियों ने भाग लिया। इस मौके पर विजय नौटियाल, कमलजीत शर्मा, सुशील गुलाटी, सुरेंद्र भाटिया, जगजीत कुकरेजा, अब्दुल अतिक, शुभम सिंघल, अनिल भोला, संजीव आहुजा, मनोज राकेश, नरेंद्र गुप्ता, दौलत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# राशन कार्ड नहीं बनने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : चक्कर काटने के बाद भी उपभोक्ताओं के राशन कार्ड नहीं बनने पर क्षेत्रवासियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि एक ओर सरकार गरीब परिवारों के हितों को लेकर योजना चला रही है। वहीं, सरकारी सिस्टम उन्हें चक्कर कटवा रहा है।

समस्या के संबंध में पार्षद सौरभ नौडियाल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि दो साल पहले शासन के निर्देश पर पूर्ति विभाग ने 1.5 लाख से अधिक आय वाले राशन कार्ड धारकों के खाद्य सुरक्षा के तहत बने सफेद राशन कार्ड व पीले राशन कार्ड जमा करा दिए थे। इसके बाद विभाग की ओर से राशन कार्ड के लिए नये सिरे से आवेदन पत्र जमा कराए गए।

कहा कि आवेदन पत्र जमा करने के बाद भी नगर निगम के सभी 40 वार्डों के लोगों को अभी तक राशन कार्ड की प्रति नहीं मिल पाई है। 50 फीसदी से अधिक राशनकार्ड धारक पर्ची के माध्यम से पिछले दो सालों से सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि राशन कार्ड न होने से लोगों को आय, निवास और जाति प्रमाणपत्र आदि दस्तावेज बनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने लोगों को जल्द राशन कार्ड जारी करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में दीपक पांडे, राजेंद्र जजेड़ी आदि शामिल रहे।



कोटद्वार के तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते सदस्य

## डीएवी ने जीता फुटबॉल का फाइनल

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट मेमोरियल अंतर विद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता सीजन दस का फाइनल मुकाबला डीएवी के नाम रहा।

फाइनल मुकाबला बाल भारती पब्लिक स्कूल व डीएवी के बीच खेला गया। पहले हाफ में बाल भारती के यथार्थ भरद्वाज ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 1-0 से बढ़त बनाई। जबकि, दूसरे हाफ के अंतिम चरण में दीपांशु चौहान के गोल से डीएवी को जीत मिली। मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख दी। कहा कि युवा खेल से अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, जनार्दन बुड़ाकोटी, चंद्री पटवाल, सुनील रावत, गिरीराज सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# बढ़ रहा वायरल का प्रकोप, घर-घर हुआ बीमार

**बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में बढ़े मरीज**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बदलते मौसम का असर आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। हालत यह है कि बेस अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में वायरल मरीजों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही। चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दे रहे हैं। जरा सी लापरवाही आमजन के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है।

### इन बातों का रखे ध्यान

1. ताजा खाना खाएं व बासी खाने से परहेज करें
2. ठंडी हवा चलने पर गर्म कपड़े पहनकर रखे
3. फास्ट फूड खाने से परहेज करें
4. अधिक से अधिक पानी पीएं
5. अधिक दिन तक बुखार होने पर खून की जांच करवाएं



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में पर्ची बनवाने के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन

पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम चल रही हवाओं ने आमजन को ठंड का अनुभव करवाना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि बदलते मौसम में आमजन बीमार भी होने लगा है।

बुखार-सर्दी-जुखाम ने आमजन को परेशान कर दिया है। राजकीय बेस चिकित्सालय में सुबह से ही ओपीडी की पर्ची बनवाने वालों की लंबी लाइन लग रही है। बेस चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजीशन डा. जेसी ध्यानी ने बताया कि बदलते मौसम में हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। बुजुर्ग व बच्चे सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनकर रखे। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सकों की सलाह लें।

## रैली निकाल कर किया स्वच्छता को लेकर जागरूक

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर शिक्षा विभाग की ओर से एनसीटीई के राष्ट्रीय मिशन विशेष स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता सप्ताह 3.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स, पोस्टर मेकिंग के द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया।

स्वच्छता सप्ताह के तीसरे दिन शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं, शोध छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा परिसर में रैली निकाली गई। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रमा मैखुरी ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा लगातार समय-समय पर विवि परिसर एवं शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रो. सीमा धवन द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रो. अनिल नौटियाल, प्रो. गीता खंडूरी, डॉ. रमेश राणा, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. सिद्धार्थ लोहानी, डॉ. शंकर सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# 31 अक्टूबर से शुरू होगा खेल महाकुंभ

◆डीएम ने ली रेखीय विभागों की बैठक ◆कहा शिकायत आने पर जिम्मेदार अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : खेल महाकुम्भ-2023 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला मुख्यालय स्थित कलक्ट्रेट कार्यालय में रेखीय विभागों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि खेल महाकुम्भ को पूरी पारदर्शिता से सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जाए।

सोमवार को खेल महाकुम्भ-2023 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 31 अक्टूबर 2023 से शुरु हो रहे इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले पात्र व काबिल खिलाड़ियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव सामने आने पर सम्बन्धित जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेलों को पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाए। उन्होने युवा कल्याण, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से टीम भावना से कार्य करते हुए खेलों को सम्पंन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद क्षेत्रांतर्गत दिव्यांग खिलाड़ियों की सूची उपलब्ध करायें जो सीधे प्रदेश स्तर पर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक है।

गौरतलब हो कि महाकुम्भ-2023 का शुभारम्भ 31 अक्टूबर 2023 को जनपद की 115 न्याय पंचायतों में प्रारम्भ होगा जो कि आगामी 15 नवंबर 2023 तक चलेगा। इसके उपरांत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2023 तक विकासखंड स्तर, जबकि 01 से 15 दिसम्बर 2023 तक जिला स्तर पर खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उन्होंने बताया कि न्याय पंचायत स्तर आयोजित होने वाले खेलों को सम्पन्न कराने के लिए बनाई गयी समिति में शिक्षा विभाग के किसी प्रधानाचार्य को अध्यक्ष के रुप में नामित किया गया है। जबकि विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी व जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खेलों का आयोजन किया जायेगा। न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं में केवल दो आयु वर्ग अण्डर-14 व 17 बालक-बालिका प्रतिभाग कर सकेंगे। जबकि विकासखंड व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अण्डर-14, 17 व 19 तीन आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले विजेता खिलाड़ियों को प्राप्त श्रेणी के अनुसार पुरुस्कार भेंट किये जायेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपर्वा पाण्डे, एएसपी पुलिस विभाग अनूप काला, मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद गौड, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रविन्द्र फोनियां सहित खंड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, खंड शिक्षाधिकारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## अवैध फड़ व ठेलियां हटाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला श्रीनगर के जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने नगर निगम श्रीनगर आयुक्त/एसडीएम नूपुर वर्मा को ज्ञापन देकर शहर में अवैध ठेलियां व फड़ों को हटाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर में बिना सत्यापन के कई फेरी वाले घूम रहे हैं। फड़ फेरी की आड़ में घरों की रेकी होने की आशंकाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस पर तत्काल रोक लगाई जानी जरूरी है। कंडारी ने कहा कि नगर आयुक्त ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। (एजेंसी)

### चाकू-तमंचे के साथ पकड़ा

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में तमंचा और चाकू के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। पुलिस टीम को आन्नेकी गांव की तरफ जाने वाले मार्ग पर दो संदिग्ध युवकों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया।

# मुख्यमंत्री की कैबिनेट बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण फैसले

**-15 साल पुरानी गाडियों के स्क्रैप पर सब्सिडी तो वहीं दिवाली से पहले मिलेगा कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा**

देहरादून। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सोमवार 30 अक्तूबर को कैबिनेट बैठक हुई। देहरादून स्थित सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

-सीएम धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट मीटिंग में फैसला लिया गया है कि 15 साल से पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करने पर उत्तरखंड सरकार सब्सिडी देगी। कमर्शियल और प्राइवेट गाड़ियों पर टैक्स छूट का निर्णय लिया गया है। सूत्रों की बात मानें तो पर्यावरण के मद्देनजर और प्रदूषण पर रोक लगाने को यह फैसला लिया गया है।

- दिवाली से पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया गया है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके तहत 2005 से पहले विज्ञप्ति वाले कर्मियों को पुरानी पेंशन मिल सकेगी। कैबिनेट में फैसला लिया गया है।

- उत्तराखंड में गाड़- गदेरों पर चेकडैम बनाने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इसके साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में बरसाती पानी को रोकने के लिए चेकडैम बनाने पर ठोस प्लान बनाकर कार्य किया जाएगा।



- ग्राम्य विकास विभाग मे सहायक लेखाकार के पद बढ़ाए गए हैं। ग्राम्य विकास विभागान्तर्गत लेखा संवर्ग ढ़ांचे में लेखाकार एवं सहायक लेखाकार के पूर्व सृजित कुल 350 पदों की सीमा में ही पदों को पुनर्गठित किये जाने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही राजाजी टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन का गठन किया गया है। जिसे कॉर्बेट की तर्ज पर बनाया जाएगा। बैठक में पर्यटन नीति 2023 में संशोधन करके सिंगल विंडो का प्रायोजन किया गया है।

- गन्ना विकास में खंडसारी नीति को एक साल बढ़ाए जाने का फैसला लिया गया है। पशुपालन विभाग के तहत मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना शुरूआत की गई। परिवहन विभाग की स्क्रैप नीति के तहत अब स्क्रैप करके नया वाहन लेने पर 15 और 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जबकि सरकारी विभागों की गाड़ियों की रेनयूवल नहीं होगा।

- प्रदेश में बड़ी इन्वेस्टमेंट करने पर सब्सिडी पैकेज देने का फैसला लिया गया है। प्रदेश में पुराने उद्योगपति अगर 200 करोड़ तक निवेश को बढ़ाते हैं तो उन्हें भी सब्सिडी पैकेज दिया जाएगा। आवास विभाग द्वारा नई टिहरी में केंद्रीय विद्यालय के भवन का निर्माण किया जाएगा।

- सीएम धामी सरकार ने उत्तराखंड में वन पंचायतों में जड़ी बूटी उत्पादन को भी मंजूरी दी है। 10 साल के भीतर 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उत्पादन करने का लक्ष्य तय गया है।

-35 हजार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उत्तराखंड सरकार 2400 सलाना वर्दी भत्ता भी देगी।

- सरकारी जमीनों पर गौशाला बनाने को लेकर जिलाधिकारी सभी फैसले ले सकेंगे। इसके साथ ही इसके लिए समिति भी बना दी गई है।

- सोलर वाटर हीटर मे अनुदान की योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को 50 % और कमर्शियल को 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

- मुनिकीरेती को पालिका, कैंपटी फाल व गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने का भी फैसला लिया गया है।

-राज्य में अवस्थित 119 राजकीय महाविद्यालयों औ चार राज्य विश्वविद्यालय परिसरों में कुल 123 योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति आउटसोर्स के माध्यम से 11 महीनों के लिए की जाएगी। योग प्रशिक्षकों को न्यूनतम 300 रूपए प्रतिदिन और हर महीने अधिकतम 18,000 रूपए की दर से मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

-इसके साथ ही बैठक में ये फैसला लिया गया है कि अगर कोई छात्र दसवीं के बाद आईटीआई कर लेता है। तो इसके बाद 12 वीं कक्षा में केवल हिंदी का पेपर देकर ही उसे 12 वीं पास माना जाएगा।

## अर्शी प्रवीन बनी उपनल कर्मचारी महासंघ के महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष

हरिद्वार। उपनल कर्मचारी महासंघ महिला मोर्चा की बैठक में जिला कार्यकारिणी की घोषणा हुई। हरिद्वार जिला कार्यकारिणी में अध्यक्ष अर्शी प्रवीन और महामंत्री सुधा पांडे को चुना गया। बैठक में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मीना रौथाण और प्रदेश महामंत्री कल्पना बड़थ्वाल ने मोर्चा के जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना दी। कर्मचारियों के हितों की लड़ाई के लिए एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही कर्मचारी अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर लड़ सकते हैं। कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राणा ने बताया कि महिला मोर्चा के जिले के पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध हुआ है।

# कुमाऊँ महोत्सव में स्टार नाईट में गानों पर जमकर थिरके दर्शक



अल्मोड़ा। कुमाऊं महोत्सव के निर्धारित कार्यक्रमानुसार रविवार अपराह्न में ऐपण एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ऐपण प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में दस प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें योगिता गुणवंत प्रथम, इशिका जोशी द्वितीय, यामिनी बोरा तृतीय, आराधना मेहरा चतुर्थ एवं बबीता लोहानी ने पंचम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में एकांशी वर्मा ने प्रथम, आशना अख्तर ने द्वितीय, आंचल आर्या ने तृतीय, हर्षित तिवारी ने चतुर्थ एवं आरफा अहमद ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

सायंकाल में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवि डॉ. हेमचंद तिवारी, कवि मीनू जोशी, कवि पवनेश ठकुराठी, कवि यामित पुनेठा, कवयित्री बीना चतुर्वेदी आदि द्वारा अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता विपिन जोशी कोमल द्वारा की गई एवं संचालन कवि नीरज पंत द्वारा किया गया।

## एक से तीन दिसंबर तक नानकमत्ता में होगा किताब कौतिक

रुद्रपुर। गुरुनानक देव डिग्री कॉलेज में एक से तीन दिसंबर तक किताब कौतिक का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक दयाल पांडे ने बताया कि पढ़ने–लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को प्रचारित–प्रसारित करने के उद्देश्य से किताब कौतिक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से कई प्रसिद्ध साहित्यकार, रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडियाकर्मी नानकमत्ता पहुंचेंगे। यह कार्यक्रम टीम कुमाउनी आर्काइव्स, क्रिएटिव उत्तराखंड आयोजित कर रही है। पहले दिन गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा के विभिन्न विद्यालयों में स्वरोजगार, स्थानीय पर्यटन, लोककला, चित्रकारी, अभिनय आदि विषयों पर कॅरियर काउंसिलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 2 और 3 दिसंबर को श्री गुरुनानक देव डिग्री कॉलेज, नानकमत्ता साहिब में वृहद पुस्तक मेला और साहित्यिक सत्र होंगे।

# सेमेस्टर परीक्षा तिथि पीछे करने की मांग मुखर



बागेश्वर। प्रथम सेमेस्टर परीक्षा तिथि पीछे करने की मांग को लेकर अभाविप कार्यकर्ता कैंपस निदेशक डॉ. दीपा कुमारी से मिले। उन्हें एसएस जीना विवि के कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि 27 अक्टूबर को विवि ने बीकॉम, बीए, बीएससी प्रथम सेमेस्टर परीक्षा की तिथि 20 नवंबर घोषित की है। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर तक कैंपस में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हुई है। ऐसी स्थिति में परीक्षाओं के लिए पर्याप्त समय छात्रों को नहीं मिल पाया है।

यूजीसी की गाइड लाइन के अनुसार 180 दिन की कक्षाएं संचालित होने का प्रावधन है, लेकिन विवि का यह आदेश छात्र हित में नहीं है।

# रेडियोलाजिस्ट छुट्टी पर महिलाएं परेशान



चम्पावत। उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में रेडियोलाजिस्ट के छूट्टी जाने पर अल्ट्रासाउंड सेवा ठप हो गयी है। जिससे अल्ट्रासाउंड करवाने आयी महिलाएं परेशान हो गयी हैं। जनप्रतिनिधियों ने जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उठाई। उपजिला चिकित्सालय में तैनात रेडियोलाजिस्ट के 15 दिन की छुट्टी पर जाने के बाद व्यबस्थाएँ ठप हो गयी हैं। अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताले लग गए हैं। अल्ट्रासाउंड करवाने आयी पंचेश्वर क्षेत्र की गर्भवती महिला अनिता देवी, कमला देवी, पाटी क्षेत्र से आई विमला देवी, आशा देवी ने कहा कि उनको मालूम नहीं था कि लोहाघाट अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। वह अपना कामकाज छोड़कर आयी हैं। अब उनको अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए चम्पावत जिला मुख्यालय जाना पड़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा कि रेडियोलाजिस्ट के छुट्टी पर जाने पर स्वास्थ्य विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। वर्मा ने कहा कि इस बारे में वह सीएमओ से वार्ता करेंगे। अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोनाली मंडल ने बताया कि रेडियोलाजिस्ट डॉ. सोनाली मल्होत्रा 15 दिन की छुट्टी पर गयी हैं।

## परिचित बन कॉल पर 75 हजार ठगे

रुद्रपुर। बेटी को उसके पिता का दोस्त बताकर उससे 75 हजार रुपये की ठगी हो गई। मामले में ने पंतनगर साइबर पुलिस को तहरीर सौंपी गई है।

साइबर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रांजिट कैंप निवासी गिरीश कुमार ने बताया कि 28 अक्तूबर को वह घर से बाहर थे। घर में उनका मोबाइल फोन रह गया था। इस बीच उनके मोबाइल पर एक कॉल आई।

कॉल उनकी पुत्री ने उठाई। इस दौरान कॉलर ने उनकी पुत्री को झांसे में लेते हुए कहा कि वह उसके पिता के दोस्त बोल रहे हैं। उसने 75 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा।

# समारोह में कई जिलों के खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा



रुद्रपुर। एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब की ओर से मनोज सरकार स्टेडिमय में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय खेल समाराह के पहले दिन विभिन्न खेलों में कई जिलों के खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभाग का प्रदर्शन किया। दौड़, लंबी कूद, उंची कूद, कबड्डी आदि खेलों में बच्चों ने हाथ आजमाए। कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ ने बताया कि खेल समाराहे में उधम सिंह नगर समेत अन्य जिलों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन लंबी कूद, उंची कूद, दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इसका आज समापन होगा। उन्होंने बताया कि टॉप 36 खिलाड़ियों को नागपुर जाने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 410 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश बच्चे इसमें शामिल हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेंद्र सिंह, विजय भूषण गर्ग, बल्देव छाबड़ा, कुशल अग्रवाल, संजीत पटेल, कुलवीर सिंह, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 30 मानसिक दिव्यांओं के बने प्रमाण–पत्र



बागेश्वर। तहसील के दूरस्थ्य गांव के मानसिक दिव्यांग लंबे समय से प्रमाण पत्र के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही थी।

जिला विधिक प्राधिकरण ने कर्मी में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया। इसमें 30 मानसिक दिव्यांगों के प्रमाण पत्र बने। अब उन्हें सरकारी योजनाओं का भी लाभ मिलने लगेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी तथा राजकीय जिला अस्पताल अल्मोड़ा से मानसिक रोगों से सम्बन्धित चिकित्सक शिविर में बुलाए। सालों से जहां कपकोट में मानसिक रोगों से संबंधित प्रमाण पत्र नही बन पा रहे थे वहां लोगों को इसका लाभ मिला। शिविर में आयुर्वेदिक विभाग द्वारा 61 तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 55 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन

हल्द्वानी। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर आज मंगलवार को खेल निदेशालय देहरादून की ओर से हल्द्वानी में रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिला–पुरुष व अंडर–16 बालक–बालिका वर्ग की रन फॉर यूनिटी क्रॉस कंट्री सुबह 6:30 बजे शुरू होगी। जिला खेल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार महिला–पुरुष वर्ग की दौड़ हल्द्वानी स्टेडियम से, जबकि बालक–बालिका वर्ग की दौड़ का रूट एसडीएम कार्यालय से शुरू होगी।

# नगर निकायों की निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित

अल्मोड़ा। अपर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (स्थानीय निकाय) सी.एस मर्तोलिया ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर-खण्ड की अधिसूचना अनुसार नगरपालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु दिनाँक 02 नवम्बर, 2023 से 02 फरवरी, 2024 तक सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी (सदर) अल्मोड़ा एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार सदर को नामित किया गया है। नगर पालिका परिषद चिलियानौला, रानीखेत के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी/संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रानीखेत को नामित किया गया है। नगर पंचायत द्वाराहाट के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी द्वाराहाट एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार द्वाराहाट को नामित किया गया है। नगर पंचायत भिकियासैंण के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी भिकियासैंण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार भिकियासैंण को नामित किया गया है। नगर पंचायत चौखुटिया के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी द्वाराहाट एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार चौखुटिया को नामित किया गया है।

# तिलपात्र, यज्ञ, हवन एवं भण्डारे के साथ हुआ श्री रामलीला महोत्सव का समापन



अल्मोड़ा। श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोडा में आयोजित श्री रामलीला महोत्सव 2023 के समापन के अवसर पर दस दिवसीय रामलीला तथा दो दिवसीय महिलाओं द्वारा मंचित रामलीला का तिलपात्र व विशाल भंडारा मंदिर परिसर में आहूत किया गया। तिलपात्र रामलीला के पश्चात की एक आवश्यक प्रक्रिया है जिसमें पौराणिक किरदारों का अभिनय कर रहे कलाकार तिलपात्र के माध्यम से मृत आत्माओं की शान्ति एवं अभिनय के दौरान हुई किसी भी त्रुटि के लिये क्षमा याचना करते हैं। तिलपात्र के पश्चात यज्ञ एवं हवन का प्राविधान है जिससे लोक कल्याण एवं जनहित की मंगल कामना की जाती है। यहाँ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ, हवन एवं भंडारे के साथ श्री रामलीला महोत्सव 2023 का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर जीवन चन्द्र तिवारी ज्योतिषाचार्य, बिट्टू कर्नाटक पूर्व दर्जा मंत्री एवं रामलीला समिति के संस्थापक व संयोजक, देवेन्द्र कर्नाटक अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा सदस्यों में डॉ. करन कर्नाटक, रश्मि काण्डपाल, नेहा जोशी, कशिश रावत, हर्षित आगरी आदि सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान

काशीपुर। आबकारी आयुक्त देहरादून व जिलाधिकारी उधमसिंहनगर द्वारा अवैध मदिरा निर्माण और बिक्री के अड्डों के समूल विनष्टिकरण के सम्बन्ध में प्रदत्त निर्देशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी उधमसिंहनगर अशोक मिश्रा के नेतृत्व में गठित आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र 03 काशीपुर, रुद्रपुर, बाजपुर व जनपदीय प्रवर्तन दल उधमसिंहनगर की संयुक्त दबिश टीम द्वारा काशीपुर क्षेत्र के कोसी नदी के किनारे ग्राम मुकुंदपुर, ग्राम बरखेड़ी व खाई खेड़ा में चल रहे शराब निर्माण के अवैध अड्डों को नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण कर रही 09 भट्टियों को मौके पर नष्ट कर 260 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदगी की गई तथा 14000 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

# राज्य निर्माण सेनानी के नाम से जाने जाएं आंदोलनकारी



रुद्रपुर। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के पदाधिकारियों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने उन्हें राज्य निर्माण सेनानी के नाम से संबोधित किए जाने की मांग की। आंदोलनकारियों ने ज्ञापन में कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में आंदोलनकारियों की विशेष भूमिका रही है। उनके बलिदान और संघर्षों की बदौलत राज्य का निर्माण हुआ। आंदोलनकारियों ने पुलिस की बर्बरता सही, गोली खाई और जेल जाना पड़ा। राज्य बने 23 साल हो गए पर अभी भी राज्य निर्माताओं को सरकार ने आंदोलनकारियों के नाम से परिभाषित किया है। उन्होंने आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानी के नाम से परिभाषित करने की मांग की है।

# विधायक बेहड़ ने सुनीं जनसमस्याएं, शीघ्र निदान का दिया आश्वासन



रुद्रपुर। विधायक तिलकराज बेहड़ ने जनता संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में पूनम निवासी ग्राम अंजनिया ने राशन कार्ड, हसीन बानो निवासी वार्ड 3 व मदनलाल कश्यप निवासी ग्राम नजीमाबाद ने पुत्रियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, ग्राम दोपहरिया के ग्रामीणों ने 800 मीटर सड़क निर्माण और नहर की सफाई की मांग, भजन लाल निवासी वार्ड 13 ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता, प्रीतम कौर निवासी वार्ड 17 ने अपने पति अंग्रेज सिंह के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। विधायक बेहड़ ने समस्याओं के समाधान और विकास का भरोसा दिलाया।

## जवाहर नगर में पेयजल लाइन ध्वस्त होने से ग्रामीण परेशान

रुद्रपुर। शांतिपुरी के ग्राम जवाहर नगर में जगह–जगह स्वजल की लाइनें बिछाने के नाम पर संबंधित ठेकेदार ने गांव में पड़ी पुरानी पेयजल लाइनों को भारी क्षति पहुंचाई है। इससे पानी लीक होने से स्थानीय ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के हरिओम कॉलोनी निवासी मोहन चंद्र पांडे का आरोप है कि स्वजल लाइन बिछाने वाले ठेकेदार के आदमी आए दिन गांव में पड़ी पुरानी पेयजल की लाइनों को तोड़कर उसे कई–कई दिनों तक खुला छोड़ रहे हैं। इस कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसके लिए पेयजल लाइनमैन को भी दोषी ठहराया। आरोप लगाया कि लाइनें क्षतिग्रस्त होने के बावजूद वह मनमाने तरीके से किसी भी समय पानी खोल देते हैं।

# अल्मोड़ा में हिमाद्रि हंस हैंडलूम के आउटलेट का शुभारंभ



अल्मोड़ा। हिमाद्रि हंस हैंडलूम अल्मोड़ा द्वारा अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की बिक्री हेतु एक आउटलेट रघुनाथ सिटी मॉल अल्मोड़ा में खोला गया है जिसमें महिला बुनकरों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों जैसे की शॉल, स्टॉल, स्कार्फ आदि की बिक्री की जाएगी। हिमाद्रि हंस हैंडलूम द हंस फाउंडेशन का उपक्रम है। हिमाद्रि हंस हैंडलूम के अभी वर्तमान में 9 आउटलेट हैं और अभी 25 आउटलेट खुलने जा रहे हैं। हिमाद्रि हंस हैंडलूम वर्तमान में महिलाओं को रोजगार दिलाने में अग्रणी कंपनी है, जिसमें महिलाओं को हथकरघे में ट्रेनिंग देने के साथ साथ उनको रोजगार उपलब्ध करवाया जाता है। आउटलेट के खुलने से महिलाओं द्वारा निर्मित हथकरघा उत्पाद पर्यटकों और स्थानीय लोगों को आसानी से उपलब्ध होंगे। इस आउटलेट का उद्घाटन संस्था की वरिष्ठ महिला बुनकरों कमला देवी, पुष्पा देवड़ी, पार्वती मेहरा के द्वारा किया गया। आउटलेट के उद्घाटन के दौरान अंशु वर्मा, मनोज सिंह मेहरा, मोहन सिंह भंडारी, संजीव पांडे, संदीप श्रीवास्तव, सुंदर कनवाल आदि मौजूद रहे।

# जनता मिलन कार्यक्रम में 14 शिकायतें दर्ज, 6 का हुआ निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित जनता मिलन/जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों द्वारा पानी, मुआवजा, सड़क आदि की 14 समस्याएं दर्ज कराई गई।



आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में ग्राम सुमाड़ी के प्रवीन लाल ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि माह जुलाई में अत्यधिक बारिश से मोटर मार्ग के पुस्ता ढहने से उनकी छत पर गिर गया था, जिस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम रौठिया निवासी गिरीश सिंह ने राज्य, केंद्रीय वित्त व विधायक निधि के अंतर्गत हुए विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ग्राम सिल्ला सिंगोड गांव के राकेश थपलियाल ने मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त मकान व जमीन तथा सिल्ला बामणगांव के कलमू लाल ने जमीन का मुआवजा दिलाए जाने संबंधी प्रार्थना-पत्र दिया। पाबौ निवासी राजेंद्र सिंह ने रैंतोली-जसोली मोटर मार्ग में ठेकेदार द्वारा लेवर भुगतान न करने, सुमाड़ी निवासी जबर सिंह द्वारा पेयजल संयोजन उपलब्ध कराने की मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनता मिलन कार्यक्रम में जो भी समस्याएं दर्ज कराई गई हैं उन समस्याओं का समयबद्धता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी तरह से कोई विलंब न किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी बीर सिंह बुदियाल, परियोजना निदेशक विमल कुमार, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, जखोली परमानंद राम, मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट, पुलिस उपाधीक्षक हर्षवर्धनी सुमन, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चैधरी, सहायक निबंधक सहकारिता रणजीत सिंह राणा, प्रभारी शिकायत समाधान विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीण मौजूद रहे।

### राज राजेश्वरी मंदिर की सड़क का डामरीकरण किया जाए

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के जलेड गांव स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर को जाने वाली सड़क के खस्ताहाल होने के कारण मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मंदिर के पुजारी उमा शंकर उनियाल ने बताया कि माता राजराजेश्वरी के मंदिर में वर्ष देश और प्रदेश के विभिन्न जगहों से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। लेकिन मंदिर तक आने वाले रास्ते रानीचौरी के बाद वीड, बंगोली, मणोगी, खंडकरी गांव से मंदिर तक जगह-जगह सड़क पर गड्ढे होने के कारण श्रद्धालुओं के साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को भी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। बताया बीते कई वर्षो से पूर्व लोनिवि ने सड़क पर पैचवर्क का कार्य किया था, जो अब पूरी तरह से उखड़ गया है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता महादेवी प्रसाद उनियाल, राकेश उनियाल, विक्रम रावत, दौलत मखलोगा, राकेश ममगाईं ने डीएम को पत्र देकर उक्त सड़क डामरीकरण करने की मांग की है। (एजेंसी)

# भाजपा सरकारों की खामियों को आम जन के बीच पहुंचाएं

नई टिहरी : चंबा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जगधार गांव में बैठक कर निकाय, लोकसभा और पंचायत चुनाव पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की।

उन्होंने भाजपा सरकार की खामियों को आम जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। चंबा ब्लॉक के जगधार न्याय पंचायत अध्यक्ष विजेंद्र सिंह नेगी अध्यक्षता में सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों की संपन्न हुई। बैठक में पाटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज राणा ने कहा कि आने वाले चुनाव की सभी मिलकर अभी से तैयारियां शुरु करनी होगी। कहा कार्यकर्ताओं भाजपा सरकारों की खामियों को आम जन के बीच पहुंचाएं। भाजपा सरकारें देश की जनता को गुमराह करने में लगी है। भाजपा के शासनकाल में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। बेरोजगार युवा रोजगार के लिये भटक रहे हैं,मातृ शाक्ति सुरक्षित नहीं है। विरोधी दलों के लोगों को सीबीआई और ईडी का डर दिखाकर चुप करवाया जा रहा है।

कहा पीएम मोदी की 15 लाख वाली घोषणा, प्रतिवर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने के सहित अन्य वादे हवाई साबित हो गये हैं,सरकार अपने वादों पर ही पूरी तरह फेल हुई है। बैठक में चंबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साहब सिंह सजवाण, वरिष्ठ कांग्रेसी नरेन्द्रचंद रमोला, सोबन सिंह नेगी, हरी मखलोगा, शक्ति प्रसाद जोशी, रजनी भट्ट, सरोजनी देवी, रजनी देवी, सुरेन्द्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। (एजेंसी)

# जखोली में मेला 2 नवंबर से, तैयारियां शुरू

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय कृषि एवं औद्योगिक विकास मेले की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। मेले को लेकर पूर्व में क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की ब्लाक सभागार में बैठक आयोजित की गयी, जिसमें 2 से 6 नवम्बर तक आयोजित होने वाले कृषि मेले के भव्य आयोजन को लेकर ब्लाक प्रांगण में टेंट व दुकानें लगना शुरू हो गयी हैं।

सोमवार को ब्लाक प्रमुख व मेला संयोजक प्रदीप थपलियाल ने मेला स्थल का निरीक्षण कर बेहतर तरीके से व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने कहा कि मेले में पहले दिन ब्लाक परिसर में नवनिर्मित ब्लाक सभागार व प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन व लोकार्पण किया जायेगा। वहीं मेले के दौरान 5 नवंबर को ब्लाक परिसर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

इसके अलावा सभी विभागीय अधिकारी अपने अपने विभाग के स्टाल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारियां भी मेले के दौरान देंगे, ताकि अधिकाधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो व लोग इनका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जिसके माध्यम से आपसी मेलजोल एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा। वहीं दूसरी ओर सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर आम लोगों को उपलब्ध होगी। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने व्यापार संघ जखोली से भी मेले में सहयोग देने की अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिए हैं। मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए महिला मंगल दलों,युवक मंगल दलों के साथ ही स्थानीय कलाकारों व लोकगायकों के द्वारा अपने प्रस्तुतियां दी जाएगी। इस अवसर पर मेला समिति के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### तल्लानागपुर औद्योगिक विकास मेला 1 नवंबर से

रुद्रप्रयाग : बीते साल की तरह इस बार भी तल्लानागपुर औद्योगिक विकास एवं कृषि पर्यटन महोत्सव 1 नवम्बर से शुरू होगा। पांच दिवसीय महोत्सव का समापन 5 नवम्बर को किया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेल प्रतियोगिता, विभागीय स्टाल और लक्की ड्रा कूपन मुख्य आकर्षण के केंद्र होंगे। तल्लानागपुर औद्योगिक विकास कृषि एवं पर्यटन महोत्सव मेला समिति चोपता द्वारा जनपद के सभी लोगों से आह्वान किया गया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर महोत्सव का आनंद लेने पहुंचे। मेला समिति द्वारा आयोजन की सफलता के लिए समितियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इधर, मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# साक्षरता शिविर में छात्रों व ग्रामीणों को दी कानूनी जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : सचिव/सिविल जज (सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग रवि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पशुपालन, वन विभाग, समाज कल्याण एवं बाल विकास आदि विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए। इस दौरान लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। सचिव/सिविल जज (सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रुद्रप्रयाग रवि रंजन द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न कानूनी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से अक्षम एवं




अक्षमताग्रस्त लोगों को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करना है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कानूनी प्रावधानों जैसे पीसीपीएनडीटी अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम व पोक्सो अधिनियम की जानकारी दी। बताया गया कि उत्तराखंड अपराध से पीड़ित सहायता योजना के अंतर्गत किसी अपराध से पीड़ित कोई व्यक्ति प्रतिकर प्राप्त करने का अधिकार रखता है। इस मौके पर राजकीय इंटर कॉलेज बसुकेदार के प्रधानाचार्य, रिटेनर अधिवक्ता, तहसीलदार बसुकेदार सहित बाल विकास, कृषि, उद्यान, सहकारिता, चिकित्सा आदि विभागीय प्रतिनिधिगण, छात्र-छात्राएं व अन्य मौजूद रहे।

# डीएम ने लोगों की समस्याएं सुनी, निराकरण का दिया भरोसा

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तहसील नैनबाग सहित ईको हट्स धनोल्टी का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से क्षेत्र की समस्याओं को जाना। मौके पर डीएम ने समस्याओं को हल करने का भरोसा दिया। साथ ही शिक्षा अधिकारियों को क्षेत्र के बंद पड़े स्कूलों की सूची मुहैया कराने के निर्देश दिए। डीएम दीक्षित ने नैनबाग तहसील का निरीक्षण करते हुए विभिन्न अनुभागों को देखा। भूअभिलेख कक्ष का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन सम्बंधी पुराने फार्म हटाने के निर्देश दिए। तहसील को जाने वाली खराब सड़क को ठीक करवाने के निर्देश दिए। नई बनी तहसील बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया। मसूरी वन प्रभाग के तहत बने ईको हटस धनोल्टी का भी डीएम ने निरीक्षण करते हुए पहले से बने हट्स को ठीक करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान पर्यटक समिति से जुड़े लोगों ने डीएम से मुलाकात कर स्थानीय समस्यायें रखी। जिनके निस्तारण का डीएम ने भरोसा दिया। धनोल्टी बाजार में बनी पार्किंग को हैंडओवर कराने को कहा। टूरिज्म को बढ़ावा देने के मकसद से डीएम ने धनोल्टी मार्केट को नया लुक देने को सभी स्थानीयों की मदद से बाजार को एक लुक देने के लिए समान रूप के साइनबोर्ड, लैंप पोस्ट, वाल पेटिंग, रेलिंग आदि लगवाने को कहा। सीसीटीवी कैमरे लगाने को एसडीएम को निर्देश दिए। टूरिज्म गतिविधियों को सीधे रोजगार से जोड़ने के गतिविधियां बढ़ाने को कहा। विंटर में साइक्लिंग को एसओपी बना को कहा। डीएफओ मसूरी ने ठाणा थत्यूड़ में बंद पड़े अस्पताल में रेंज कार्यालय चलाने की अनुमति चाही। जिस पर डीएम ने तहसीलदार से यथास्थिति की रिपोर्ट मांगी। भद्रीगाड़ नैनबाग में रेंज कार्यालय के लिए भूमि तलाशने के निर्देश दिए। बीईओ को क्षेत्र में बंद पड़े स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएफओ देवी प्रसाद, एसडीएम मंजू राजपूत, एडीआईओ सूचना भजनी भंडारी, तहसीलदार साक्षी, आरपी ममंगाई आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### मंत्री सतपाल महाराज ने किया विधायक अंसारी के निधन पर दुःख व्यक्त

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने लंबे समय से बीमार चल रहे मंगलौर (हरिद्वार) विधायक सरवत करीम अंसारी के असामयिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए शोक व्यक्त किया है। महाराज ने कहा कि सरवत करीम अंसारी मंगलौर विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने थे।

वह अपने क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय होने के साथ–साथ जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करें। दुरूख की इस घड़ी में हम सभी उनके परिवार के साथ खड़े।

# तलवाड़ी महाविद्यालय को मिला नैक बी ग्रेड

चमोली : उच्च शिक्षा के निर्धारित मानकों के अन्तर्गत नैक टीम के सघन परीक्षण के पश्चात राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी को बी ग्रेड का दर्जा मिल गया है।

नैक पीयर टीम ने विगत पांच वर्षों की शैक्षिक गतिविधियों के संचालन, व्यवस्था का मूल्यांकन कर उच्च शिक्षा विभाग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात महाविद्यालय को बी ग्रेड दर्जा देने की सिफारिश की थी। प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने बताया कि बैंक पीयर टीम के परीक्षण में उत्तीर्ण होकर महाविद्यालय तलवाड़ी ने शिक्षा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है,

उन्होंने इसके लिए महाविद्यालय के शिक्षको, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। नैक पीयर टीम में प्रो. शैलेश झाला कुलपति एमजी साइंस इन्स्टीट्यूट अहमदाबाद गुजरात तथा प्रो. टी विजयलक्ष्मी प्राचार्य श्री दुर्गा मल्लेश्वरा सिद्धार्थ महिला कलाशाला आंध्र प्रदेश द्वारा बतौर पैनल उपस्थित रहकर सघन निरीक्षण किया गया था। महाविद्यालय की इस शानदार उपलब्धि पर निदेशक उच्च शिक्षा प्रो सीडी सूंठा एवं थराली विधायक भूपाल राम टम्टा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा महाविद्यालय तलवाड़ी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। (एजेंसी)

# स्लोगन में निकिता, पेंटिंग में आरती ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत बाल विकास परियोजना जखोली द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पांजणा में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। स्लोगन प्रतियोगिता में निकिता, मेघा व राधिका ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में आरती, प्रिया व दिया ने क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। बाल विकास परियोजना अधिकारी जखोली हिमांशु बडोला ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज पांजणा में आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्राओं के मध्य पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही छात्राओं को स्कूली बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी गई। बताया कि पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से विभागीय योजनाओं का संदेश दिया गया। इसके अलावा वर्ष 2022-23 की हाईस्कूल व बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय की प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शंभू प्रसाद, प्रवक्ता पूजा भंडारी, नीलम गुसांई, सतीश चंद्र, ललिता, कविंद्र, बलराम कोठारी आदि मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी कोटद्वार गढ़वाल।**
**राजस्व वाद संख्या 20 सन् 2022-23**
**हरीश सिंह व अन्य — वादीगण**
**बनाम**

उत्तराखण्ड सरकार तथा अन्य – प्रतिवादीगण

समन बनाम - प्रतिवादी संख्या 3- अलेकजेन्टर पुत्र एस0वी0 नैथन,

प्रतिवादी संख्या 4- विन्सपटर पुत्र एस0वी0 नैथन,

प्रतिवादी संख्या 5- सूरजपैट्रिक पुत्र एस0वी0 नैथन

निवासीगण ग्राम ग्रास्टीनगंज, पट्टी सनेह, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल।

चूंकि वादीगण ने मेरे न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा 229(बी) उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम 1950 प्रस्तुत किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि दिनांक 22-11-2023 को मेरे न्यायालय स्थान कोटद्वार में बवक्त 10 बजे दिन हाजिर आकर मामले में जवाबदेही करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 13-10-23 को जारी किया गया।

**न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी कोटद्वार गढ़वाल।**
(1419/15)

# मेयर गामा ने की राज्य आंदोलनकारियों का भवन कर माफ करने की घोषणा

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच की ओर से वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी स्व. सुशीला बलूनी की 84वीं जयंती मातृशक्ति दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पांच महिलाओं को मातृशक्ति सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में उपस्थित सुनील उनियाल गामा ने राज्य आंदोलनकारियों का भवन कर माफ करने की घोषणा की। मेयर गामा ने कहा कि एक महीने के भीतर इसका प्रस्ताव निगम की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

**सुशीला बलूनी के नाम पर रखा जाएगा नाम**

मेयर सुनील उनियाल गामा ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान होना चाहिए। कचहरी मार्ग अथवा नेशविला रोड का नाम सुशीला बलूनी के नाम पर करने व उनकी प्रतिमा स्थापित करने की भी पूरी कोशिश की जाएगी।

### राज्यपाल ने मंगलौर विधायक अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा से विधायक श्री सरवत करीम अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# मलिंगार वेलफेयर ने करवा चौथ कार्यक्रम मनाया

देहरादून। मलिंगार वेलफेयर समिति के तत्वाधान में करवा चौथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष पुष्पा पडियार शामिल हुई। महिलाएं पूरे श्रृंगार के साथ सजधज कर आयी थी। मलिंगार वेलफेयर समिति ने मलिंगार क्षेत्र के प्रांगण में करवा चौथ का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें महिलाएं पूरे पारंपरि परिधानों व श्रृंगार के साथ सजधज कर मौजूद रही। इस मौके पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया वहीं विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें नृत्य, मेंहदी, गायन व मनोरंजक खेल शामिल थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पुष्पा पडियार ने कहा कि करवा चौथ का पर्व महिलाओं के लिए बड़ा महत्व रखता है, तथा पतियों की दीर्घायु के लिए सुहागिनें व्रत रखती हैं। उन्होंने सभी महिलाओं को करवा चौथ की बधाई दी व बताया कि इस मौके पर चूड़ी, बिंदी, मेंहदी आदि की प्रतियोगिताएं रखी गई। इस मौके पर रश्मि सिंह, विनीता सेमवाल, आशा रावत, ललिता भटट, मनीषा पंवार, बबीता भंडारी, हिमानी चौहान, पूजा लेखवार, विमला राणा, रीना राणा, लक्ष्मी रावत, सीमा राणा, निर्मला रावत, ईशा भटट, किरन सेमवाल, सुप्ला नवाल, गीता रावत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



# महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज एथलेटिक्स चैंपियन बना

देहरादून। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून ओवर ऑल चैंपियन रहा। देहरादून जनपद ने दूसरा और रुद्रप्रयाग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

शिक्षा विभाग की ओर से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में तीन दिवसीय प्रतियोगिताएं सोमवार को सम्पन्न हो गई। मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव रविनाथ रमन ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्र्स की ओर से मार्च पास्ट और नारी शिल्प बालिका इंटर कॉलेज देहरादून की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि रमन ने छात्र–छात्राओं से खेलों में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की। अंडर–14 बालक में स्पोर्ट्स कॉलेज के हितेश सिंह, अंडर 17 बालक में स्पोर्ट्स कॉलेज के ही सूरज विक्रांत, अंडर–19 बालक में स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रियांशु और अंडर–19 बालिका में चंपावत की रिया चंद्र और देहरादून की रोशनी ने चैंपियन ट्रॉफी कब्जाई। मार्च पास्ट में जनपद चमोली प्रथम, बागेश्वर द्वितीय और चंपावत तृतीय रहा।

अतिथियों ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी, शिक्षा निदेशक प्राथमिक शिक्षा राम कृष्ण उनियाल, अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक शिक्षा राजेंद्र सिंह रावत, राकेश जुगरान, प्रदीप रावत, चंद्र किशोर नौटियाल, मोइन खान, त्रिभुवन बिष्ट, अरविंद सुयाल आदि मौजूद थे।

# 1 नंवबर से आरंभ होगी पवित्र छड़ी के प्रथम चरण की यात्रा

हरिद्वार। उत्तराखंड के पौराणिक तीर्थों की यात्रा पर प्रस्थान से पहले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी की सोमवार को माया देवी मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद छड़ी श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्रीमहंत मछंदरपुरी के आश्रम में मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर पहुंची। जहां गोकर्ण पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीमहंत कपिल पुरी, महामंडलेश्वर श्रीमहंत कमल पुरी, महंत महेश पुरी ,श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि, महंत पवन पुरी की मौजूदगी में छड़ी का स्वागत किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर श्रीमहंत कैलाशानंद, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी, परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि ने छड़ी की पूजा अर्चना कर यात्रा के लिए रवाना किया। श्रीमहंत मछंदरपुरी आश्रम श्यामपुर से पवित्र छड़ी भूपतवाला गोकर्ण धाम पहुंची। इसके बाद ऋषिकेश स्थित तारापीठ मंदिर पहुंची । पवित्र छड़ी के पहुंचने पर तारापीठ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत संध्या गिरी ने पवित्र छड़ी को रात्रि विश्राम के लिए विधि विधान से मंदिर में स्थापित किया।

**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमंत्रित निविदा सं. 14/23-24 एवं 15/23-24 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 17.11.2023 को 13.00 बजे तक बढायी जाती है जो दि. 18.11.2023 को 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

पत्रांक: 2804/विविखको/टी-6 दिनांक: 30.10.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या-0135-2760911 पर दें।)

सम्पादकीय

# सौर ऊर्जा भविष्य की ताकत

उत्तराखंड सरकार राज्य में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं लेकर आई है जिसके तहत प्रदेशवासियों को घर में सौर हीटर लगाने पर 50% अनुदान मिलने के साथ ही बिजली के बिल में भी छूट मिल करेगी। उत्तराखंड कैबिनेट ने सोलर वाटर हीटर अनुदान योजना को मंजूरी दी है। जिसमें घरेलू उपभोक्ता अपने घरों में सोलर हीटर लगाएंगे तो सरकार इसके लिए 50 प्रतिशत तक अनुदान देगी। वहीं व्यावसायिक उपयोग पर 30 फीसदी अनुदान मिलेगा। साथ ही बिजली बिल में प्रति मीटर 150 रुपये की छूट मिलेगी। 2014 में यह योजना बंद हो गई थी। प्रदेश में बढ़ रही ऊर्जा की खपत को देखते हुए पूर्व सरकारों में भी सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया था लेकिन इसकी महंगी लागत के कारण आम व्यक्ति तक पहुंच नहीं बन पा रही थी। वर्तमान दौर में भी सोलर प्लांट लगाना एक महंगी प्रक्रिया है हालांकि इसके दूरगामी परिणाम काफी उत्साह जनक है। उत्तराखंड का एक बड़ा क्षेत्र पहाड़ों में है जहां ऊर्जा उपलब्ध कराना हमेशा से ही सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहा है। सौर ऊर्जा के माध्यम से गांव एवं पहाड़ों में ऊर्जा के साधन सृजित किए जा सकते हैं। हालांकि सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सरकार उचित दरों के साथ–साथ तकनीकी तौर पर भी प्रदेश के आम नागरिकों को सौर ऊर्जा की सुविधा उपलब्ध कराए। आज के दौर में सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आया है जिसके माध्यम से कुछ लोग ऊर्जा उत्पादन के साथ–साथ अपनी आय भी बढ़ा रहे हैं। नियोजित तरीके से लगाए गए सोलर प्लांट आई का एक अच्छा साधन है लेकिन यहां खास जिम्मेदारी राज्य सरकार की बनती है कि वह सोलर प्लांट को बढ़ावा देने के लिए ऐसी योजनाएं लाई जो आम व्यक्ति की पहुंच में हो। आमतौर पर देखा गया है कि कुछ योजनाएं सरकार लागू तो करती है लेकिन कुछ समय बाद उसे बंद कर दिया जाता है। सौर ऊर्जा से संबंधित बिजली के बिलों में छूट की योजना पहले भी शुरू की गई थी जिसे 2014 में बंद कर दिया गया। किसी भी योजना को शुरू करने के बाद उसे नियमित तरीके से चलाना सरकार की जिम्मेदारी है साथ ही संबंधित विभागों को निर्देश जारी होनी चाहिए कि वह योजनाओं की क्रियान्वयन में अपनी भूमिका सकारात्मक तरीके से निभाएं। बिजली के लगातार बढ़ते दामों एवं खपत के बाद सौर ऊर्जा की ओर देखा जा रहा है और यही अब एकमात्र सबसे बेहतर विकल्प है जो ऊर्जा की बढ़ती हुई खपत को पूरा कर सके। आने वाला दौर निश्चित तौर पर सौर ऊर्जा का ही है और अभी से इस दिशा में किए गए प्रयास भविष्य में अच्छे परिणाम देने वाले साबित होंगे।

# विनाशकाले विपरीत बुद्धि या...

**उधर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को चुनाव की घोषणा से ठीक पहले ईडी ने समन जारी किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जाकर उस पर रोक लगवाई हुई है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी पर ईडी का शिकंजा कसा है। सो, हर चुनावी राज्य में या केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जोर–शोर से चल रही है और चुनाव की घोषणा के बाद भी यह थमी नहीं है।**

**सवाल है कि आखिर क्या सोच कर केंद्र सरकार ने इन राज्यों में एजेंसियों को कार्रवाई की खुली छूट दे रखी है और वह भी सिर्फ विपक्षी नेताओं के खिलाफ? क्या सरकार और भारतीय जनता पार्टी को ऐसा नहीं लग रहा है कि इससे विपक्षी नेताओं के प्रति सहानुभूति पैदा हो सकती है?**

**हरिशंकर व्यास**

विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से ठीक एक महीने पहले राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के छापे हैरान करने वाले हैं। आमतौर पर चुनाव की घोषणा के बाद जैसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि के सरकारी कार्यक्रम थम जाते हैं वैसे ही केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी नहीं होती है। लेकिन इस बार चुनाव घोषणा के बाद और नामांकन शुरू होने से ठीक पहले राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा और उनके रिश्तेदारों के यहां ईडी ने छापा मारा। उसी दिन ईडी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा विनियम कानून यानी फेमा के कथित उल्लंघन के मामले में समन जारी करके पूछताछ के लिए बुलाया। कांग्रेस के एक अन्य उम्मीदवार के घर पर भी ईडी ने छापा मारा। यह सब हैरान करने वाला है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी लोगों में डोटासरा नौवें व्यक्ति हैं, जिनके खिलाफ ईडी या किसी दूसरी एजेंसी ने छापा मारा है या कार्रवाई कर रही है या जांच हो रही है। सबसे पहले उनके भाई अग्रसैन गहलोत के यहां छापा पड़ा था। अब उनके बेटे वैभव गहलोत को ईडी पूछताछ के लिए बुला रही है। गहलोत सरकार के गृह राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव के खिलाफ कुछ दिन पहले ही ईडी ने छापा मारा था।

उससे पहले आयकर ने भी छापा मारा था। गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा के खिलाफ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गलत तरीके से फोन टेप करने का आरोप लगाया है और दिल्ली पुलिस इसकी जांच कर रही है। वे पांच बार दिल्ली पुलिस के सामने पेश हो चुके हैं। इसी मामले में एक मंत्री महेश जोशी के खिलाफ भी मुकदमा हुआ है। मुख्यमंत्री के करीब धर्मेंद्र राठौड़ के खिलाफ आयकर विभाग की जांच चल रही है। एक दूसरे करीबी और पुराने कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा के खिलाफ भी आयकर की जांच है।

यह सिर्फ राजस्थान का मामला नहीं है। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और दो अन्य सहयोगियों के यहां ईडी ने छापा मारा। शराब घोटाला, चावल मिल घोटाला, महादेव ऐप घोटाला जैसे अलग–अलग मामलों में मुकदमा करके मुख्यमंत्री के करीबियों या अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के लिए मामल इतना परेशान करने वाला हो गया कि उन्होंने कहा है कि 'कुत्ते, बिल्लियों से ज्यादा ईडी और आयकर के अधिकारी राज्य में घूम रहे हैं'।

उधर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को चुनाव की घोषणा से ठीक पहले ईडी ने समन जारी किया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट जाकर उस पर रोक लगवाई हुई है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी पर ईडी का शिकंजा कसा है। सो, हर चुनावी राज्य में या केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जोर–शोर से चल रही है और चुनाव की घोषणा के बाद भी यह थमी नहीं है।

सवाल है कि आखिर क्या सोच कर केंद्र सरकार ने इन राज्यों में एजेंसियों को कार्रवाई की खुली छूट दे रखी है और वह भी सिर्फ विपक्षी नेताओं के खिलाफ? क्या सरकार और भारतीय जनता पार्टी को ऐसा नहीं लग रहा है कि इससे विपक्षी नेताओं के प्रति सहानुभूति पैदा हो सकती है?

यह तो साफ दिख रहा है कि विपक्ष की सभी पार्टियों और सभी नेताओं को भ्रष्ट साबित करके उनके प्रति गलत धारणा बनवाने का अभियान इसके जरिए चल रहा है। लेकिन इसके साथ ही चुनावी महीने में कार्रवाई का और भी मकसद दिख रहा है। चुनाव से ठीक पहले केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से विपक्षी पार्टियों को तीन तरह की मुश्किल हो सकती है। पहली मुश्किल तो यह है कि चुनाव लडऩे में इस्तेमाल होने वाले संसाधनों खास कर नकद पैसे और उपहार में देने वाली चीजों का बंदोबस्त इससे गड़बड़ाता है। एजेंसियों की जब्ती से नेताओं के लिए मुश्किल होती है। हो सकता है कि जब्त किया गया धन वैध हो लेकिन वह जो जांच के बाद पता चलेगा और तब तक चुनाव निकल चुका होगा। दूसरी मुश्किल यह होती है कि चुनाव लडऩे के लिए किसी पार्टी या नेता को धन और दूसरी सुविधाएं मुहैया कराने वाले कारोबारियों आदि में डर बैठता है। यहां तक कि केंद्रीय एजेंसियों के डर से चंदा मिलना भी कम हो जाता है। तीसरी मुश्किल यह है कि चुनाव लड़ाने वाले बड़े नेता अपनी निजी मुश्किलों में उलझते हैं। एजेंसियों की जांच, पूछताछ आदि से चुनाव प्रचार, प्रबंधन आदि कमजोर होता है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि इस तरह की कार्रवाई से विपक्षी पार्टियां चुनाव से पहले कमजोर होती हैं, लडऩे के लायक नहीं रह जाती हैं।

# कांटे की जमीनी लड़ाई !

**हरिशंकर व्यास**

यों उम्मीदवारों की पूरी लिस्ट घोषित नहीं हुई है लेकिन जितनी हुई है और जमीनी तौर पर जैसा माहौल बना दिख रहा है उससे चुनावी लड़ाई कांटे की है। जीत–हार का फैसला उम्मीदवार के खुद के दमखम और मौजूदा विधायक के पक्ष या विरोधी लोकल माहौल से होगा। फिर जातीय समीकरण कुछ काम करेंगे तो प्रादेशिक नेतृत्व को लेकर बनी धारणा से भी मतदाताओं का मन बना या बिगड़ा हुआ होगा।

और मेरा मानना है कि जमीनी सच्चाई को बूझ कर ही मोदी–शाह–नड्डा (पहली लिस्ट के बाद) ने और कांग्रेस हाईकमान ने (शुरुआती लिस्ट से ही) उम्मीदवारों के फैसले ठोक–बजाकर किए हैं। प्रयोग नहीं किए और प्रयोग करने का जो इरादा था उसे मोदी–शाह ने पहली लिस्ट के बाद बदल दिया।

सबसे बड़ी बात कांग्रेस की एआईसीसी मशीनरी का चुस्त दिखना है। वह पहले जैसी अराजक, ढीली–लापरवाह नहीं दिखी। उधर भाजपा में मोदी–शाह–नड्डा हर तरह की सख्ती व सावधानी बरतते हुए। कांग्रेस ने भूपेश बघेल, कमलनाथ और अशोक गहलोत पर सब कुछ छोड़ा हुआ है बावजूद इसके दिल्ली में एआईसीसी ने अपने सर्वे तथा जमीनी हकीकत का हवाला देते हुए एक–एक उम्मीदवार पर विचार किया। उम्मीदवारों को ले कर क्षत्रपों से गांरटी ली। राजस्थान की पूरी लिस्ट अभी घोषित नहीं है लेकिन मोटा मोटी कह सकते हैं कि छतीसगढ़–मध्य प्रदेश में कांग्रेस के उम्मीदवार सॉलिड हैं। कांग्रेसी टिकटार्थियों का विद्रोह न्यूनतम है। उधर भाजपा की पहली लिस्ट में जरूर चौंकाने वाले और ऊपर से तय हुए नाम थे। मगर बाद की सूचियों में पुराने ढर्रे और पुराने चेहरे रिपीट हैं। इसलिए भाजपा में बागी उम्मीदवारों की संख्या अधिक होती लगती है।

ऐसा कमलनाथ–दिग्विजय सिंह ने नहीं होने दिया। भाजपा के चेहरे देख कर इन्होंने ऐन वक्त उम्मीदवार बदले। सो, कांग्रेस ने एक–एक सीट पर कड़ा मुकाबला बना दिया है। जबकि भाजपा इस मुगालते में है कि नरेंद्र मोदी की सभाएं होंगी तो पार्टी उम्मीदवारों के लिए कोई मुश्किल नहीं होगी।




इसका अर्थ यह नहीं कि संघ परिवार के संगठन जमीनी स्तर पर सक्रिय नहीं है या लापरवाह है। बतौर पार्टी भाजपा जरूर तीनों हिंदी प्रदेशों में बिखरी हुई है लेकिन संघ परिवार के संगठन अपनी फीडबैक अनुसार चुपचाप काम करते हुए है। इसलिए चुनाव में टॉप पर मोदी की रैलियों का फैक्टर होगा वही बूथ स्तर पर संघ मशीनरी के संगठन, पन्ना प्रमुखों की सक्रियता है। बीच में याकि प्रादेशिक स्तर पर जरूर भाजपा नाम की पार्टी इस बार बिखरी रहेगी और नेता अनमनेपन व बूझे मन से चुनाव लड़ेंगे।

सो, कांग्रेस में दिल्ली, प्रदेश नेता और उम्मीदवार सभी चुनाव लडऩे, जीतने की अधिक जद्दोजहद में है वही भाजपा में मोदी–शाह के बावजूद, नीचे–प्रादेशिक स्तर पर कोई धणी–धोरी याकि माई–बाप नहीं है। नीचे यदि भाजपा का कोई बागी उम्मीदवार खड़ा हुआ है तो उसे समझाने–बैठाने के लिए भाजपा के बड़े प्रादेशिक नेता या संघ के बड़े प्रचारक–पदाधिकारी पहले जैसे घूमते थे वैसे इस चुनाव में नहीं दिख रहे। मतलब कौन बैठाए बागियों को? आखिर पिछले चुनावों में जिन्होंने बैठाते वक्त बागियों से जो वादे किए थे उसे न शिवराज सिंह ने पूरे किए और सन संघ ने पूरे कराए। या जैसे मध्य प्रदेश में ग्वालियर, मालवा, महाकौशल, बुंदेलखंड में भाजपा के बागी हैं तो उन्हें यदि नरेंद्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय या संघ के शिवप्रकाश बैठने के लिए कहें, चुनाव बाद कुछ करने का वादा करें तो बागी क्या यह नहीं कहेगा– आप लोगों को खुद का पता नहीं की क्या होगा तो मुझसे वादा कैसे कर रहे हो? पिछले चुनाव में भी तो वादा किया था लेकिन शिवराज ने क्या उसे पूरा किया? सो सचमुच बतौर पार्टी भाजपा इस चुनाव में बहुत बिखरी हुई है। बिना धणी–धोरी के है।

**सो, कांग्रेस में दिल्ली, प्रदेश नेता और उम्मीदवार सभी चुनाव लडऩे, जीतने की अधिक जद्दोजहद में है वही भाजपा में मोदी–शाह के बावजूद, नीचे–प्रादेशिक स्तर पर कोई धणी–धोरी याकि माई–बाप नहीं है। नीचे यदि भाजपा का कोई बागी उम्मीदवार खड़ा हुआ है तो उसे समझाने–बैठाने के लिए भाजपा के बड़े प्रादेशिक नेता या संघ के बड़े प्रचारक–पदाधिकारी पहले जैसे घूमते थे वैसे इस चुनाव में नहीं दिख रहे। मतलब कौन बैठाए बागियों को? आखिर पिछले चुनावों में जिन्होंने बैठाते वक्त बागियों से जो वादे किए थे उसे न शिवराज सिंह ने पूरे किए और सन संघ ने पूरे कराए।**

# छापों से कांग्रेस को फायदा

**हरिशंकर व्यास**

वैसे विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों से फायदा भी होता है। यह कर्नाटक विधानसभा चुनावों से बखूबी साबित हुआ है। वहां कांग्रेस के डीके शिवकुमार हीरो बन कर उभरे। सो, चुनाव से ठीक पहले की ऐसी कार्रवाई से विपक्ष के प्रति सहानुभूति भी बन सकती है। आमतौर पर कमजोर के प्रति लोगों की हमदर्दी बनती है। अगर लोगों को लगता है कि केंद्र सरकार अपनी ताकत का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है तो उनकी हमदर्दी विपक्ष के साथ हो सकती है। इससे यह भी धारणा बनती है कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई में कमजोर है तभी वह केंद्रीय एजेंसियों से विपक्ष के यहां छापे पड़वा रही है। सब जानते है कि राजनीतिक लड़ाई चुनाव के मैदान में लड़ी जाती है। पर चुनाव घोषणा के बाद भी यदि केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं के यहां छापे मार रही हैं तो धारणा बनेगी कि भाजपा कमजोर है और कांग्रेस मजबूत है इसलिए उसको परेशान किया जा रहा है। यह धारणा भाजपा को बड़ा चुनावी नुकसान कर सकती है।

यदि राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यहां पड़े ईडी के छापे की बात करें तो इससे जातीय राजनीति का हिसाब भी प्रभावित हो सकता है। डोटासरा जाट समुदाय से आते हैं। कांग्रेस ने उनको जाट वोट आकर्षित करने के लिए ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। ध्यान रहे जाट मतदाताओं की किसान आंदोलन के समय से भाजपा से नाराजगी है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भाजपा को उसका कुछ वोट मिल गया लेकिन चुनाव से पहले जाट प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई का उनके इलाके खासकर जाट बहुल सीकर इलाके में अच्छा मैसेज नहीं गया होगा। भाजपा वैसे भी जाट वोट को लेकर बहुत भरोसे में नहीं है। उसके सहयोगी रहे जाट नेता हनुमान बेनिवाल अलग लड़ रहे हैं और जाट वोट के लिए नागौर में भाजपा ने कांग्रेस की ज्योति मिर्धा को पार्टी में लाकर दिया है। तभी चुनाव से पहले एक बड़े जाट नेता के खिलाफ कार्रवाई भाजपा को नुकसान कर सकती है। दूसरी ओर कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल एकजुटता बनाने के लिए किया। ईडी की कार्रवाई के बाद सचिन पायलट ने प्रेस कांफ्रेंस करके डोटासरा और वैभव गहलोत का बचाव किया।

**भाजपा राजनीतिक लड़ाई में कमजोर है तभी वह केंद्रीय एजेंसियों से विपक्ष के यहां छापे पड़वा रही है। सब जानते है कि राजनीतिक लड़ाई चुनाव के मैदान में लड़ी जाती है। पर चुनाव घोषणा के बाद भी यदि केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी नेताओं के यहां छापे मार रही हैं तो धारणा बनेगी कि भाजपा कमजोर है और कांग्रेस मजबूत है इसलिए उसको परेशान किया जा रहा है। यह धारणा भाजपा को बड़ा चुनावी नुकसान कर सकती है।**

**यदि राजस्थान के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के यहां पड़े ईडी के छापे की बात करें तो इससे जातीय राजनीति का हिसाब भी प्रभावित हो सकता है। डोटासरा जाट समुदाय से आते हैं। कांग्रेस ने उनको जाट वोट आकर्षित करने के लिए ही प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। ध्यान रहे जाट मतदाताओं की किसान आंदोलन के समय से भाजपा से नाराजगी है।**

# सर्दियों में आने वाली इन 5 सब्जियों का जरूर करें सेवन, प्रतिरक्षा प्रणाली होगी मजबूत

सर्दी का मौसम नजदीक आ रहा है। ऐसे में रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने की वजह से ठंड में सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार होने का खतरा बढ़ जाता है।इनसे बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना जरूरी है। इसके लिए हमें अपनी डाइट में मौसमी सब्जियों का शामिल करना जरूरी है।चलिए फिर आज स्वास्थ्य टिप्स में हम आपको ऐसी 5 सब्जियां बताते हैं, जिनके सेवन से प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिलेगी।



**पालक** पालक का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है इसलिए सर्दियों में इस सब्जी को जरूर खाना चाहिए।इसमें विटामिन ए, बी, सी, ई और के, जिंक, मैग्नीशियम और आयरन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं।ये हड्डियों को मजबूत करने, खून को बढ़ाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में कारगर हैं।आप पालक से इन व्यंजनों को बनाकर इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**गाजर** गाजर भी एक ऐसी सब्जी है, जो सर्दियों के मौसम में सबसे ज्यादा खाया जाता है।यह विटामिन्स, बीटा–कैरोटीन और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।आप चाहें तो गाजर को सलाद के रूप में कच्चा या फिर सब्जियों के साथ पकाकर भी खा सकते हैं।सर्दियों में लगभग हर घर में गाजर का हलवा जरूर बनता है, लेकिन इस बार गाजर के परांठे भी जरूर ट्राई करें।

**ब्रोकली** ब्रोकली का सेवन शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार है।इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, फाइबर, विटामिन्स और कई अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ये आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मदद करते हैं, जिससे बीमार होने की समस्या काफी कम हो सकती है।इसका सेवन पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक है।आप ब्रोकली से परांठे बनाकर, सलाद के रूप में या सूप में इस्तेमाल करके इसे डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**चुकंदर** सर्दियों के मौसम में चुकंदर का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।यह फाइबर, एंटी–ऑक्सीडेंट और विटामिन–सी से भरपूर होता है, जो संक्रमण और बीमारियों से लडऩे के लिए शरीर को मजबूत बनाता है।इस सब्जी का सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के अलावा लीवर को डिटॉक्सिफाई करने में भी मदद करता है।आप चुकंदर का जूस बनाकर भी पी सकते हैं। इससे ये 5 प्रमुख लाभ मिलते हैं।

**मूली** मूली भी सर्दियों में आने वाली एक लोकप्रिय सब्जी है।यह पोटेशियम, सोडियम, विटामिन–सी और मैग्नीशियम से भरपूर होती है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम और पानी की मात्रा ज्यादा होती है, जो सर्दियों में हाइड्रेटेज रखने में मददगार है।इसके अलावा इसका सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में भी मदद करता है।आप मूली का सेवन गरमागरम परांठे, सब्जी, जूस या सलाद के रूप में कर सकते हैं।मूली के सेवन से ये फायदे भी मिलते हैं।

# दिवाली से पहले वजन कम करना है? आज से ही अपनाएं ये 5 असरदार तरीके

इस बार दिवाली 12 नवबंर को मनाई जाएगी। यह त्योहार ढेर सारी खुशियां लेकर आता है और इस मौके पर लोग माता लक्ष्मी की पूजा करके पटाखे जलाते हैं, नए कपड़े पहनते हैं और परिवार के साथ समय बिताते हैं।दिवाली पर सभी फिट और खूबसूरत दिखना चाहते हैं, लेकिन बिगड़ती जीवनशैली के कारण ज्यादातर लोग वजन बढऩे की समस्या से जूझ रहे हैं।आइये आपको ऐसी टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप दिवाली से पहले वजन कम कर सकेंगे।

**गर्म नींबू पानी** नींबू में विटामिन– सी और एंटी–ऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।नींबू पानी के सेवन से कमर के आसपास जमा अतिरिक्त चर्बी कम होती है।

यह पेय विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी सहायक है, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।इसके लिए एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस और थोड़ा–सा शहद मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। इसको सुबह खाली पेट पीएं। इससे आपका शरीर हाइड्रेटेड भी रहेगा।

**लीन प्रोटीन** जल्दी वजन घटाने के लिए अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें।ऐसी चीजों के सेवन से वजन घटाने और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। इसके लिए लीन प्रोटीन के स्रोत अधिक फायदेमंद है।लीन प्रोटीन उन खाद्य पदार्थों में पाए जाते हैं, जिनमें वसा और कैलोरी बहुत कम होती है।इसमें पनीर, क्विनोआ और ग्रीक योगर्ट जैसी चीजें शामिल हैं।

**भोजन पर करें नियंत्रण** गलत खान–पान के कारण भी वजन बढ़ जाता है। ऐसे में भोजन को नियंत्रण में रखना जरूरी है।दरअसल, कभी–कभी हम जरूरत से ज्यादा खाना खा लेते हैं या फिर कभी कम। इससे बचाव के लिए एक मापने वाले कप का इस्तेमाल करें।इससे आपके भोजन का हिस्सा एक समान होगा, जिससे आपकी डाइट संतुलित बनी रहेगी।इससे यह भी पता चलता है कि आपको एक समय पर कितना भोजना करना है, ताकि आप अधिक कैलोरी न लें।

**बंद कर दें मीठे का सेवन**

मीठे पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है। इससे टाइप 2 मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग जैसी समस्याएं हो सकती हैं।जो लोग चीनी और मीठे पदार्थों का सेवन बंद कर देते हैं, उनका वजन तेजी से कम होता है।कई लोग स्मूदी, सॉफ्ट ड्रिंक या जूस पीते हैं, लेकिन इस तरह से भी आप मीठे का सेवन करते हैं, जो ठीक नहीं है। इनकी बजाय पूरे फलों का सेवन करें।

**स्वस्थ वसा** अगर आप स्वस्थ वसा से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपनी डाइट में शामिल करेंगे तो इससे आपको तेजी से वजन कम करने में मदद मिलेगी।ये खाद्य पदार्थ प्रोटीन, फाइबर और विटामिन जैसे कुछ पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं।लाभ के लिए ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं, जिनमें स्वस्थ वसा की मात्रा ज्यादा होती है। इनमें अलसी के बीज, चिया बीज, मेवे, खासतौर पर अखरोट, और डार्क चॉकलेट शामिल हैं।

## रूस में एयरपोर्ट पर मॉब लिंचिंग की कोशिश: इजराइलियों की फ्लाइट को भीड़ ने घेरा, कहा– बच्चों के कातिलों को जिंदा नहीं छोड़ेंगे

**मॉस्को ,एजेंसी।** इजराइल–हमास जंग के बीच हमास के समर्थन में दुनिया के कई देशों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, लेकिन जैसा रूस में हुआ, वैसा विरोध इससे पहले कहीं नहीं देखा गया। रूसी राज्य दागेस्तान के मखाचकला एयरपोर्ट पर भीड़ ने इजराइलियों पर हमला दिया और उनकी मॉब लिंचिंग की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों को जैसे ही सूचना मिली कि इजराइल की राजधानी तेल अवीव से एक फ्लाइट आ रही है तो भीड़ ने फ्लाइट को रनवे पर घेर लिया। हजारों मुस्लिम एयरपोर्ट के गेट को तोड़कर अंदर आ गए। हालात इतने बिगड़ गए कि दंगाइयों को रोकने के लिए स्पेशल फोर्स बुलानी पड़ी।

भीड़ फिलिस्तीन का झंड़ा लेकर लगातार 'बच्चों के कातिलों को नहीं छोड़ेंगे' का नारा लगा रही थी। बताया जा रहा है कि फ्लाइट के यात्रियों में भीड़ यहूदियों को खोजने लगी। भीड़ एक–एक पैसेंजर का पासपोर्ट चेक करती रही। जबरदस्त विरोध प्रदर्शन के बाद कुछ देर के लिए एयरपोर्ट को भी बंद करना पड़ा। रूस में हमास की मीटिंग के तीन दिन बाद इजराइल के खिलाफ यह सबसे बड़ा प्रदर्शन था। रूस के दागेस्तान में बड़ी मुस्लिम आबादी है।बता दें कि इस घटना के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बयान जारी कर रूस को आगाह किया है। नेतन्याहू ने यहूदी छात्रों पर हो रहे हमलों को तुरंत रोकने की मांग की है। इजराइल ने रूसी राजदूत को तलब कर रूस में इजराइली लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

# इस गांव की महिलाएं नहीं रखती हैं करवा चौथ व्रत

**मथुरा, एजेंसी।** देशभर में जहां विवाहिता महिलाओं के लिए एक ओर करवा चौथ का व्रत बेहद महत्वपूर्ण है वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक तहसील ऐसी भी है जहां की विवाहिता महिलाएं चाहकर भी इस व्रत को नहीं करती हैं। मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर बिजउ गांव के बधा विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घ आयु की कामना के लिए किया जाने वाला करवा चौथ का व्रत मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर बिजउ गांव के बधा क्षेत्र की विवाहित महिलाएं नहीं रखती हैं। इसका मुख्य कारण एक सती का इस क्षेत्र के लोगों को दिया गया श्राप है।



गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि लगभग ढाई सौ वर्ष पहले घटी घटना के बाद शुरूआत में जिस महिला ने करवा चौथ मनाया उसे ही अपने पति को खोना पड़ गया। आठ नौ इस प्रकार की मौत होने से महिलाओं के विधवा होने के बाद से इस क्षेत्र में इस त्योहार का मनाना बंद हो गया। गांव की 102 वर्षीय सुनहरी देवी ने बताया कि लगभग ढ़ाई सौ वर्ष पहले एक ब्राह्मण पति अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर बैलगाड़ी से जब अपने गांव राम नगला जा रहा था तो रास्ते में बघा क्षेत्र में उसका विवाद एक बैल को लेकर हो गया।

जहां बघा क्षेत्र के एक व्यक्ति का कहना था कि उसका यह वही बैल है जो हाल में चोरी हो गया था वहीं ब्राह्मण कह रहा था कि यह बैल उसे ससुराल में मिला है। विवाद इतना बढ़ा कि ब्राह्मण की हत्या कर दी गई। इसके बाद उसकी पत्नी न केवल सती हो गई बल्कि सती होने के पहले उसने श्राप दिया था कि बघा क्षेत्र की जो भी महिला करवा चौथ का व्रत करेगी उसके पति की मृत्यु हो जाएगी। जिस दिन उक्त घटना घटी उस दिन करवा चौथ का पर्व था।

उन्होंने बताया कि यद्यपि ब्राह्मण की मृत्यु के बाद गांव में ही सती का मन्दिर बनाया गया था तथा विवाह के पूर्व और अन्य पर्वों पर सातों जाति इसकी पूजा करती हैं किंतु करवा चौथ मनाने एवं कुछ विवाहित युवकों की मृत्यु के कारण यह व्रत रखने की प्रथा इस गांव से स्वतः समाप्त हो गई।

बदलते समय में कुछ विवाहिताओं को यह प्रथा कुप्रथा सी लगती है किंतु इसे तोड़ने का वे भी साहस नही जुटा पाती। विवाहिता पूजा कहती हैं कि शादी के पहले से ही उसके मन में करवा चौथ मनाने के लिए बड़ा उत्साह था किंतु सती के श्राप के कारण इस व्रत को नहीं करती हैं। विवाहिता रेखा ने कहा कि उसे विवाह के बाद गांव की इस परंपरा का ज्ञान हुआ। विवाहिता पूनम, प्रीति आदि ने कुछ इसी प्रकार के विचार व्यक्त किए।

समाजसेवी अभय गुप्ता ने बताया कि राम नगला गांव के लोग तो बघा का पानी पीने से भी परहेज करते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि बघा में सती की पूजा देवी की तरह की जाती है। देश के कम्प्यूटर युग में पहुंच जाने के बावजूद किसी में इस प्रथा को तोड़ने की हिम्मत नही है क्योंकि लोग सती के श्राप को एक प्रकार से देवी का आदेश मानते हैं।

## अभद्र टिप्पणी केस में अभिनेत्री जयाप्रदा के खिलाफ वारंट

**मुरादाबाद, एजेंसी।** अभद्र टिप्पणी मामले में अभिनेत्री एवं रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को भी कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इसके बाद केस की सुनवाई टाल दी गई है। उनके वकील की ओर से प्रार्थना पत्र देकर जयाप्रदा के बीमार होने की बात और सुनवाई के लिए समय की मांग की। अदालत ने सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय करते हुए जयाप्रदा के खिलाफ समन जारी कर उन्हें तलब किया है।



2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, मुरादाबाद के सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।

इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। इस मामले की सुनवाई लघुवाद न्यायाधीश एमपी सिंह की अदालत में चल रही है।

सोमवार को इस मामले में जयाप्रदा को कोर्ट में हाजिर होकर अपने बयान दर्ज कराने थे लेकिन सोमवार को वह कोर्ट में पेश नहीं हुई। जयाप्रदा के वकील अभिषेक भटनागर ने उनकी तबीयत खराब होने की बात कहते हुए प्रार्थना पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि अब इस मामले में 17 नवंबर को सुनवाई होगी। जयाप्रदा के खिलाफ पुनः समन जारी किया गया है।

## जॉर्डन ने गाजा को अधिक मानवीय सहायता देने का किया आग्रह

**अम्मान ,एजेंसी।** जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से गाजा पट्टी में तत्काल मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तुरंत मिलकर काम करने का आह्वान किया है। उनके मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, सफादी ने राजधानी अम्मान में अपने साइप्रस समकक्ष कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस और बेल्जियम समकक्ष हदजा लाहबीब के साथ अलग–अलग बैठकों के दौरान यह टिप्पणी की, जहां उन्होंने गाजा में वृद्धि को रोकने के प्रयासों पर चर्चा की।उनकी बातचीत तब हुई जब इजरायल ने 7 अक्टूबर को इजरायली सीमावर्ती शहरों पर हमास द्वारा किए गए हमले का जवाब देने के लिए हमास शासित गाजा पट्टी के खिलाफ अपने हवाई हमले और जमीनी अभियान तेज कर दिए।बैठकों के दौरान, जॉर्डन के मंत्री ने गाजा में चल रहे संघर्ष के फैलने के खिलाफ चेतावनी दी और इजरायल के हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया।

# स्कूल वैन में सवार थे 26 बच्चे...चार मासूमों समेत पांच की मौत

**बदायूं, एजेंसी।** बदायूं के उसावां थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। असधरमई और गौंतरा गांव के बीच स्कूल वैन और स्कूल बस आमने–सामने से टकरा गईं। हादसे में वैन सवार चार छात्र–छात्राओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि वैन में सवार 22 छात्र–छात्राएं घायल हो गए। बस में सवार एक छात्रा के भी चोटें आईं हैं।



गंभीर रूप से घायल दो छात्रों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। एक छात्र को बरेली भी रेफर किया है। मृतकों में वैन चालक और उसका एक बेटा भी शामिल है। हादसे पर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी डॉ. ओपी सिंह ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

हादसा सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। उस वक्त उसावां थाना क्षेत्र के गौंतरा गांव में स्थित एसआरपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चे वैन में सवार होकर स्कूल आ रहे थे। वैन हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव लभारी निवासी ओमेंद्र (25) चला रहा था। वह इसी स्कूल में पढ़ाता था। वैन में कुल 26 छात्र–छात्रा सवार थे।

हादसे के वक्त ओमेंद्र का बेटा हर्षित (6) उसकी गोद में ही बैठा था। जैसे ही वैन असधरमई गांव से निकलकर मोड़ पर पहुंची, तभी सामने से सत्यदेव विद्यापीठ इंटर कॉलेज की बस आ गई और दोनों वाहनों की आमने–सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई।

हादसे को देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग दौड़ पड़े। उन्होंने सभी घायलों को वैन से बाहर निकाला, लेकिन तब तक चालक ओमेंद्र और उसके बेटे हर्षित की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर उसावां थाना पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत सभी बच्चों को जिला अस्पताल भेज दिया।

रास्ते में ग्राम बघौरा निवासी खुशी (8) पुत्री प्रदीप कुमार गुप्ता, हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव ग्योति निवासी अमित (12) पुत्र मोरपाल कश्यप और उसावां थाना क्षेत्र के गांव नवीगंज निवासी कौशल्या (12) पुत्री हरवंश सिंह की मौत हो गई। 22 छात्र–छात्राएं घायल हुए हैं। बस में सवार छात्रा इशिता पाल (16) भी घायल हुई है। वैन सवार लभारी निवासी मानव सिंह (9), अरुण कुमार (11) को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि रचित (8) को बरेली रेफर कर दिया गया है।

डीएम मनोज कुमार ने बताया कि उसावां थाना क्षेत्र में काफी दुखद हादसा हुआ है। इसमें चार बच्चों समेत पांच की मौत हुई है, जबकि 23 बच्चे घायल हैं। सभी का उपचार कराया जा रहा है। हादसे की वजह क्या रही, इसकी जांच कराई जा रही है। इसके लिए टीम गठित कर दी गई है।

# क्रिप्टो करंसी घोटाले में 41 ठिकानों पर रेड

### एक और आरोपी गिरफ्तार, यहां 25 जगहों पर मारे छापे

**शिमला, एजेंसी।** क्रिप्टो करंसी घोटाले के एक और मुख्य आरोपी को हिमाचल पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक एसआईटी ने दस आरोपी गिरफ्तार किए हैं। घोटाले की जांच को लेकर एसआईटी ने रविवार को छह जिलों में 41 जगहों पर छापेमारी की है। डीआईजी अभिषेक दुल्लर के नेतृत्व में एसआईटी ने रविवार को हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिला में सात, मंडी में दो, ऊना में दो, हमीरपुर में 25, बिलासपुर में चार और सोलन में एक जगह छापेमारी की गई। डीजीपी संजय कुंडू ने बताया कि एसआईटी को छापेमारी के दौरान कई महत्त्वपूर्ण सबूत मिले हैं, जिनमें आपत्तिजनक दस्तावेज़, संपत्ति रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण शामिल हैं। इसके आलावा एसआईटी ने वाहन विवरण जब्त कर लिया है और अपराध की आय से संबंधित विभिन्न विवरण प्राप्त किए हैं।



डीजीपी संजय कुंडू ने बताया कि मुख्य आरोपियों में से एक अभिषेक शर्मा निवासी ऊना जिला, जोकि गिरफ्तारी से बचने की लगातार फिराकमें था,को एसआईटी ने पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया और पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

गौर हो कि मंडी जिला के सुभाष और उसके साथियों ने करीब अढ़ाई लाख आईडी बनाकर क्रिप्टो करंसी के नाम पर प्रदेश की जनता को करोड़ों का चूना लगाया है। ठगी के इस स्कैम में करीब एक लाख लोग शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि अब तक की जांच में दो हजार करोड़ से अधिक की ट्रांजेक्शन मिली हैं।

मामले के तीन मास्टरमाइंड समेत दस लोगों को पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार किया है, जबकि इसका किंगपिन मंडी का सुभाष शर्मा देश छोडकर विदेश भाग चुका है। क्रिप्टो क्वाइन और अलग–अलग वेबसाइट के जरिए करोड़ों की ठगी को अंजाम दिया गया है। करोड़ों के स्कैम में आम लोगों के साथ–साथ पुलिस विभाग के कई कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि हिमाचल पुलिस के कई कर्मचारियों ने समय से पहले सेवानिवृत्ति लेकर इस काली कमाई को चुना है। शातिरों ने लाखों लोगों को पैसा फर्जी क्रिप्टो करंसी में लगाकर दोगुना देने के नाम पर ठगा है।

डीजीपी ने बताया कि एसआईटी की छापेमारी के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एसआईटी की जांच में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये साक्ष्य एसआईटी को दोषियों को उनके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने के एक कदम और करीब लाएंगे। इस समय, हम जनता को आश्वस्त करना चाहेंगे कि हम पूरी तरह से इन धोखाधड़ी वाली योजनाओं को खत्म करने और वैध वित्तीय बाजारों में विश्वास बहाल करने पर केंद्रित हैं।

## सिरफिरे आशिक की करतूत, प्रेमिका ने रिश्ता रखने से इन्कार किया तो उसकी चार वर्षीय बहन का रेत दिया गला

**रांची ,एजेंसी।** झारखंड के गोड्डा में एक युवक ने अपनी प्रेमिका की चार वर्षीय बहन की गला रेतकर हत्या कर दी। बताया गया है कि युवक एवं उसकी प्रेमिका के बीच विवाद हो गया था और इसके बाद प्रेमिका ने आगे रिश्ता रखने से इनकार कर दिया था।

वारदात गोड्डा जिला अंतर्गत देवडांड़ थाना की झिलुवा पंचायत अंतर्गत कर्णपुरा ग्राम की है। रविवार की रात आरोपी युवक परमेश्वर मुर्मू प्रेमिका के घर में घुस आया। उस वक्त युवती और उसकी मां शौच के लिए बाहर गई थी। युवती की छोटी बहन चार वर्षीय प्रियंका घर में अकेली थी। अचानक उसकी चीख सुनाई पड़ी तो लोग दौड़े। वह खून से लथपथ स्थिति में पड़ी थी। थोड़ी ही देर में उसने दम तोड़ दिया।बताया गया कि एक दिन पहले परमेश्वर ने फोन पर अपनी पूर्व प्रेमिका को धमकी देते हुए कहा था कि उसकी हत्या कर दी जाएगी। आरोप है कि परमेश्वर ने ही वारदात को अंजाम दिया है। वह फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## असम के पूर्व मंत्री शरत बरकोटोकी का 86 वर्ष की आयु में निधन

**गुवाहाटी ,एजेंसी ।** असम में कांग्रेस के पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता शरत बरकोटोकी का सोमवार सुबह 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, बरकोटोकी का गौहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में इलाज चल रहा था। वरिष्ठ नेता ने 25 सालों तक विधायक के रूप में जोरहाट जिले के सोनारी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। दिवंगत मुख्यमंत्री तरूण गोगोई के पिछले कार्यकाल के दौरान, बरकोटोकी ने शिक्षा मंत्री का पद भी संभाला था।मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दुख व्यक्त करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा, वरिष्ठ राजनेता, असम सरकार के पूर्व मंत्री शरत बरकोटोकी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ।

# सिर्फ सीएनजी–इलेक्ट्रिक बसों को एंट्री

### इन वाहनों पर पहली से रोक, जहरीली हवा से बचाव को ग्रैप के नियम भी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए यहां कई उपाय किए गए हैं। इस बीच अब दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाली बसों की एंट्री पर रोक लगाने की बात भी दिल्ली सरकार ने कही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पूरे नॉर्थ इंडिया में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। दिल्ली और पूरे पूर्वोत्तर भारत में पीएम 2.5 का लेवल बढ़ गया है और प्रदूषण में पीएम 10 का स्तर कम हो गया है। दिल्ली की सभी बसें सीएनजी हैं लेकिन जो बसें उत्तर प्रदेश और हरियाणा तथा दिल्ली से सटे अन्य राज्यों से आ रही हैं, वे सभी डीजल आधारित हैं। इसकी वजह से प्रदूषण बढ़ा है। गोपाल राय ने कहा, सीएक्यूएम को निर्देश दिया गया है कि पहली नवंबर से सिर्फ सीएनजी, इलेक्ट्रिक और क्स–ड्ढ बसों को ही अनुमति दी जाएगी। हमने ड्राइवरों और अधिकारियों से बातचीत की है। हमें बताया गया है कि यहां डीजल से चलने वाली बसें हैं।



पहली नवंबर से परिवहन विभाग अलग–अलग प्रवेश मार्ग पर जांच करेगा। आसपास की जगहों की वजह से दिल्ली के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

हमने केंद्र सरकार और हरियाणा, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों से डिमांड की है कि वे एनसीआर में डीजल बसों को बैन करें। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढने से लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हवा की धीमी गति और रात के समय तापमान में गिरावट की वजह से शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई)बहुत खराब श्रेणी में है। अनुमान जताया गया है कि 31 अक्तूबर तक दिल्ली की हवा में सुधार नहीं होगा। दिल्ली में वाहनों से निकलने वाले धुएं, आसपास के इलाकों में धान की पराली जलाने और आतिशबाजी की वजह से प्रदूषण काफी बढ़ता है।

दिल्ली में प्रदूषण बढने के बाद सुबह के वक्त घरों से टहलने के लिए निकलने वाले लोगों का कहना है कि इससे सांस लेने में दिक्कतें आ रही हैं और आंखों में जलन की समस्या पैदा हो रही है। दिल्ली में प्रदूषण को काबू करने के लिए ग्रैप के नियम भी लागू हैं। हालांकि, इसके बाद दिल्ली की दमघोंटू हवा नहीं सुधर रही है।

# सोलन के युवा ने बिना मिट्टी–पानी उगाया केसर

### इस तकनीक से किया कमाल, शूलिनी सैफरॉन दिया नाम

**सोलन, एजेंसी।** सोलन के एक होनहार युवा ने बिना मिट्टी व पानी के केसर की खेती कर एक नया आयाम स्थापित किया है। सोलन के युवा गौरव सभरवाल ने अपने घर पर अनूठी एयरोपॉनिक तकनीक से शूलिनी सैफरॉन के नाम से केसर उगाने का कारनामा कर दिखाया है। बिजनेसमैन से किसान बने गौरव सभरवाल ने बताया कि वह केसर के बीज कश्मीर से लाए थे। इस खेती के बारे में उन्होंने हरियाणा से प्रशिक्षण लिया था। उन्होंने पीएमजी स्कीम के तहत यह प्रोजक्ट शुरू किया है। ग्रेजुएशन तक पढ़ाई करने वाले गौरव ने बताया कि केसर की खेती करने में करीब दस लाख रुपए निवेश किए हैं। उन्होंने एयरोपॉनिक तकनीक की मदद से केसर को उगाया है।



शुरुआती दौर में उन्होंने पहले कश्मीर जाकर केसर की जानकारी ली और उसके बाद सोलन शहर में ही इसकी खेती करने के बारे में सोचा।

उन्होंने कहा कि परिवार से उन्हें काफी सपोर्ट मिला, जिस कारण वह यह प्रयास सफल कर पाए। गौरव ने कहा कि यदि युवा चाहे तो कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन सही रास्ता चुनना बेहद जरूरी है। गौरव सभरवाल ने कहा कि यदि कोई केसर की खेती के बारे में जानना चाहता है, तो व उनसे प्रशिक्षण लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं। बता दें कि केसर की खेती के लिए आमतौर पर कश्मीर को जाना जाता है, लेकिन अब सोलन शहर में इसकी खेती की गई है। बाजार में केसर की कीमत तीन लाख रुपए प्रति किलो के आसपास है। जानकारी के अनुसार केसर एक प्रकार के फूल से निकाला जाता है और इसमें काफी मेहनत भी लगती है। बाजारों में केसर काफी महंगा बिकता है और इस वजह से यहां के लोगों के लिए यह वरदान है। गौरतलब रहे कि केसर काफी काम आता है, इसे क्रोकस सैटाइवस नाम के एक फूल से निकाला जाता है। केसर का वैज्ञानिक नाम भी क्रोकस सैटाइवस है और इस मसाले का इस्तेमाल कलर एजेंट के रूप में किया जाता है। केसर उगाने के लिए गुटिकाएं प्रति वर्ष अगस्त–सितंबर माह में बोए जाते हैं, जो दो–तीन महीने बाद अर्थात नवंबर–दिसंबर तक इसके पत्र तथा पुष्प साथ निकलते हैं।

## रेलवे क्रासिंग पर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आई महिला व उसकी दो बेटियां, मौत

**मेरठ ,एजेंसी ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कंकरखेड़ा थाना इलाके में कासमपुर रेलवे क्रासिंग पर वंदे भारत ट्रेन की चपेट में एक महिला और उसकी दो बेटियां आ गई। हादसे में तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोना (40) , इशिका (17)और चारू( 7) के रूप में हुई।

शहर पुलिस अधीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि करीब 7 बजे सूचना मिली कि कंकरखेड़ा थाना इलाके में कासमपुर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन की चेपट आने से तीन लोगों की मौत हो गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# आंध्र ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 14

**विजयनगरम, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में विजयनगरम जिले के कंटाकपल्ली और अलामंदा के बीच रविवार की रात ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। जिला कलेक्टर नागलक्ष्मी ने संवाददाताओं को बताया कि दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है तथा इनमें 10 मृतकों की पहचान कंचुबाराकी रवि, गिदीजाला लक्ष्मी, के अप्पाला नायडू, चल्ला सतीश, एसएमएस राव, पिल्ली नागराजू, एम श्रीनिवास, तेनाकला सुगुनम्मा, रेड्डी सीथम नायडू और सिम्हाचलम के रूप में की गयी है। अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं 32 घायलों का विजयनगरम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है।



आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलेंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि 08532 विशाखापत्तनम–पलासा ट्रेन की 11 बोगियों को अलामंदा स्टेशन और 08504 विशाखापत्तनम–रायगड़ा ट्रेन की नौ बोगियों को कंटाकापल्ली स्टेशन ले जाया गया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ कर्मियों के साथ बचाव और राहत अभियान पूरे जोरों पर है और सभी आवश्यक उपकरण दुर्घटनास्थल पर पहुंचा दिए गए हैं। हादसे में तीन बोगियां बुरी तरह पिचक गईं। पटरियों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

वहीं, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने विजयनगरम जिले के कंटाकपल्ली में ट्रेन दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रुपये और घायलों को दो–दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। जबकि दूसरे राज्यों के घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। गौरतलब है कि रविवार की शाम विशाखापत्तनम–रायगड़ा (08504) पैसेंजर ट्रेन ने विशाखापत्तनम–पलासा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में कुछ डिब्बे साइड ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के डिब्बों पर गिर गए।

